दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 107 | सीकर, सोमवार 15 जून 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री जांगिड़ का किया स्वागत



निसं

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** भाजपा ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश महामंत्री भंवरलाल जांगिड़ के पहली बार राजलदेसर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नगर मंडल अध्यक्ष विष्णु प्रजापत, वरिष्ठ भाजपा नेता सांवरमल सुथार, मांगीलाल प्रजापत, पार्षद पवन प्रजापत, युवा नेता शिव भगवान सोनी, सेवानिवृत्त अध्यापक लालचंद सुथार, अजीत सुथार, भवानी सैनी, चुन्नीलाल प्रजापत, मदन दाधीच, कुलदीप प्रजापत, सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दुपट्टा, शॉल एवं साफा पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर भंवरलाल जांगिड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल में देश में ऐतिहासिक विकास कार्य हुए हैं, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों की भी सराहना की। जांगिड़ ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आगामी नगर पालिका एवं पंचायत चुनावों को देखते हुए अभी से संगठन को मजबूत करने और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एकजुट होकर जनसेवा और संगठन विस्तार के कार्यों में जुटें।

## पुलिस ने दो डीजे जब्त किए

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** जिले भर में यातायात नियमों के उल्लंघन के साथ ध्वनि प्रदूषण एवं अवैध वाहन मॉडिफिकेशन के विरुद्ध चल रहे सघन अभियान के तहत लाडनूं में दो डीजे के खिलाफ कार्रवाई की गई है। सीआई शिंभू दयाल मीणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक डॉ प्यारेलाल शिवरान के निर्देश पर अवैध रूप से डीजे सिस्टम लगाकर संचालित किए जा रहे दो वाहनों को जब्त किया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि डीजे सिस्टम को बोलेरो पिकअप वाहनों में अवैध रूप से मॉडिफाई कर लगाया गया था। इन वाहनों का उपयोग विभिन्न आयोजनों एवं सार्वजनिक स्थानों पर अत्यधिक तीव्र एवं कानफोड़ू ध्वनि प्रसारित करने के लिए किया जा रहा था, जिससे गंभीर ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न हो रहा था तथा आमजन की शांति एवं सुविधा प्रभावित हो रही थी। पुलिस द्वारा ऐसे वाहनों को चिन्हित कर नियमानुसार जब्त किया गया तथा उनके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले एवं मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध जिले में अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## दादा कायमखां शहादत दिवस पर युवाओं ने किया रक्तदान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** दादा कायमखानी के 607 वें शहादत दिवस के उपलक्ष में रक्तदान का आयोजन युवा टीम द्वारा ब्लड बैंक में किया गया। मोहसीन खान कायमखानी ने बताया कि शिविर में करीब 30 युवाओं ने शाम तक रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नौशाद, साहिल हासमखानी, अरमान लीलगर, आसिफ खोखर, संदीप चौधरी, मनीष जांगिड़, सदाम कादरी, सलीम खां कायमखानी, आरिफ खां आदि लोगों ने योगदान दिया।

## फ्रांस के नीस में मोदी-मैक्रों ने द्विपक्षीय बैठक की

# भारत सॉल्यूशन लेने वाला नहीं, देने वाला देश : पीएम



**नई दिल्ली/पेरिस/ब्रातिस्लावा।**

फ्रांस के नीस शहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ रविवार को द्विपक्षीय बैठक की। इसमें प्रधानमंत्री के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, विदेश सचिव विक्रम मिस्री भी शामिल रहे।

दोनों देशों के बीच रक्षा, तकनीक, एआई, सेमीकंडक्टर, स्पेस टेक्नोलॉजी, हेल्थ-टेक, निवेश और रणनीतिक सहयोग को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। इससे पहले दोनों नेताओं ने 'भारत इनोवेट्स 2026' प्रोग्राम का उद्घाटन किया, जिसमें भारत, फ्रांस और अन्य देशों के स्टार्टअप्स और वेंचर कैपिटल फंड्स ने हिस्सा लिया। प्रोग्राम के बाद राष्ट्रपति मैक्रों प्रधानमंत्री मोदी को नीस के पास स्थित विला केरीलोस घुमाने ले गए। यह फ्रांस की प्रसिद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहरों में से एक है। मैक्रों ने यहां पीएम के साथ सेल्फी ली और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया।

पीएम मोदी 13 जून से फ्रांस-स्लोवाकिया के 6 दिन के दौरे पर हैं। वे 17 जून को फ्रांस के एवियान में त7 समिट में शामिल होंगे। इस दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प से मिलेंगे। दोनों नेताओं के बीच ट्रेड डील पर बातचीत होगी।

### मैक्रों बोले- दुनिया भारत के साथ इनोवेशन करना चाहती है

भारत ग्लोबल इनोवेशन का नेतृत्व कर रहा: मैक्रों ने कहा कि भारत रिसर्च, इनोवेशन और तकनीकी विकास के क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत हर साल यूरोप और अमेरिका को मिलाकर जितने इंजीनियर तैयार होते हैं, उतने इंजीनियर तैयार करता है। दुनिया भारत के साथ इनोवेशन करना चाहती है: मैक्रों ने कहा कि अब सवाल यह नहीं है कि भारत इनोवेशन करता है या नहीं। सवाल यह है कि दुनिया में कौन भारत के साथ मिलकर इनोवेशन करेगा। एआई में खुले और सहयोगी मॉडल का समर्थन: उन्होंने कहा कि कुछ देश एआई मॉडल्स को सीमित करना चाहते हैं। लेकिन भारत और फ्रांस खुले, बहुभाषी और सहयोगी एआई मॉडल के पक्षधर हैं। मोदी के नेतृत्व की तारीफ: मैक्रों ने नरेंद्र मोदी को स्वतंत्रता के बाद सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह उनकी दृढ़ कार्यशैली, भारत की ताकत और नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है। ऊर्जा और जलवायु पर साथ काम कर रहे दोनों देश: नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर जैसी नई परमाणु तकनीकों में भी भारत और फ्रांस साथ काम कर सकते हैं।

### इनोवेशन प्रोग्राम में पीएम बोले- दोनों देशों का विजन एक, 5 बड़ी बातें

**भारत-फ्रांस का रिश्ता खास:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता सिर्फ व्यापार या रणनीतिक साझेदारी तक सीमित नहीं है। यह भरोसे, साझा सोच और साझा लक्ष्यों पर आधारित है। दोनों देश मिलकर दुनिया की कई बड़ी चुनौतियों का समाधान खोजने की दिशा में काम कर रहे हैं।

**भारत इनोवेट्स युवाओं के लिए बड़ा मंच:** मोदी ने कहा कि भारत इनोवेट्स भारतीय प्रतिभा और यूरोपीय निवेश को जोड़ने वाला मंच है। इससे भारतीय स्टार्टअप्स, युवा उद्यमियों और नए आइडिया को दुनिया के बड़े निवेशकों और विशेषज्ञों तक पहुंचने का मौका मिलेगा।

**भारत स्टार्टअप्स का बड़ा केंद्र:** प्रधानमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम में 100 से ज्यादा स्टार्टअप्स शामिल हैं, लेकिन भारत में 2 लाख से ज्यादा स्टार्टअप्स काम कर रहे हैं। ये स्टार्टअप्स भारत के साथ-साथ दुनिया की अर्थव्यवस्था और तकनीकी विकास में भी योगदान दे रहे हैं।

**नई तकनीकें बदलेंगी भविष्य:** मोदी ने कहा कि दुनिया कई चुनौतियों से गुजर रही है, लेकिन हर चुनौती नए मौके भी लेकर आती है। एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, बायोटेक्नोलॉजी और अंतरिक्ष तकनीक जैसी नई तकनीकें आने वाले समय में दुनिया का भविष्य तय करेंगी।

**युवा दे रहे हैं समस्याओं का समाधान:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में स्टार्टअप क्रांति चल रही है। देश के युवा नई सोच के साथ लोगों की समस्याओं का हल निकाल रहे हैं।

### ग्रामीण-शहरी सेवा शिविरों से घर-घर पहुंच रहा सुशासन

## शिविरों में आने वाली अतिक्रमण की शिकायतों पर हो तुरंत कार्रवाई : सीएम

**जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के जरिए राज्य सरकार आमजन को घर के निकट ही त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं एवं नागरिक सेवाओं के प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही, प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का संवेदनशीलता के साथ निराकरण कर घर-घर सुशासन पहुंचाने के संकल्प को भी साकार किया जाए। मुख्यमंत्री ने रविवार को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों के संबंध में मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिला कलक्टर्स को शिविरों के आयोजन एवं इनमें उपलब्ध सेवाओं का सभी मीडिया माध्यमों पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने शिविरों में कार्मिकों की उपस्थिति एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि आमजन को राहत पहुंचाकर इन शिविरों को सेवा एवं समाधान का महाभियान बनाया जाए। वहीं, सभी संबंधित विभाग और समस्त जिला प्रशासन इन शिविरों के सम्पूर्ण क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी का गंभीरता से पालन करें।

उन्होंने जिला प्रभारी सचिव एवं संभागीय आयुक्तों को इन शिविरों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। वहीं, समस्त जिला कलक्टर्स को अधिकारियों की विशेष टीम गठित कर शिविरों का औचक निरीक्षण कर रिपोर्ट बनवाने के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आमजन की आवश्यकता से जुड़े बिजली, पानी और चिकित्सा के प्रकरणों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाए, जिससे अधिक से अधिक आमजन लाभान्वित हो सकें। उन्होंने 181 के माध्यम से जिलावार शिकायतों के त्वरित समाधान के भी निर्देश दिए। साथ ही, मानसून पूर्व तैयारियां कर जलभराव की समस्याओं के स्थाई समाधान के लिए भी



निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिविरों में आने वाली अतिक्रमण की शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने शिविरों में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों के विरूद्ध जिला कलक्टर्स को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने कहा कि इन शिविरों में मिलने वाली विशेष रियायतों के प्रकरणों की सम्पूर्ण जानकारी सूचीबद्ध की जाए, ताकि पेंडेंसी की स्थिति में उनका उचित निस्तारण किया जा सके। वहीं, उन्होंने शिविरों में लाभान्वितों की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे अन्य नागरिक भी इन शिविरों का लाभ उठा सकें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मार्गदर्शन में अंत्योदय एवं जनसेवा के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए राज्य सरकार 12 जून से 15 जुलाई तक ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन कर रही है।

### नापाक हरकतें बंद कर दे पाकिस्तान, नहीं तो अब दाना-पानी कर देंगे बंद : राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली.** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज रविवार को उत्तर प्रदेश के आगरा में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आगरा की इस धरती पर वीरता, स्वाभिमान और देशभक्ति के अमर प्रतीक महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करके मुझे बेहद खुशी हुई है। उन्होंने कहा कि देश के कोने-कोने में जहां भी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए मुझे आमंत्रित किया जाता है, मैं बराबर हर कार्यक्रम में पहुंचता हूं। एक कार्यक्रम को भी मैं छोड़ता नहीं हूं। मैं मानता हूं कि महाराणा प्रताप का शौर्य, त्याग और संघर्ष इतना बड़ा है कि देश उनको कभी भूल नहीं सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक राजा ही नहीं थे, बल्कि वह भारत की एक सोच के प्रतीक थे।

## एमपी- मुरैना में ट्रेन से कटकर 4 यात्रियों की मौत

**मुरैना।**

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में ट्रेन हादसे में मां-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। मोबाइल ब्लास्ट से आग लगने की अफवाह के बाद उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस से कुछ यात्री घबराकर नीचे उतर गए। इसी दौरान 4 यात्री दूसरी ट्रेन की चपेट में आ गए। मृतकों में 3 महिलाएं और 1 बच्चा शामिल है। जानकारी के मुताबिक, हादसे में उत्तर प्रदेश के मेरठ निवासी कंचन सिंह (25), पत्नी मोहित सिंह, रुनकता निवासी शकुंतला सिंह (60), पत्नी भूरा सिंह, आगरा निवासी आफरीन (35), पत्नी नदीम और असद (4), पुत्र नदीम खान की मौत हुई है। आफरीन और असद मां-बेटे थे। रेलवे प्रबंधन के अनुसार, हादसा उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल के हेतमपुर-धौलपुर रेलखंड पर हुआ। गाड़ी संख्या 19665 खजुराहो-उदयपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस रविवार करीब 4:15 बजे हेतमपुर और धौलपुर स्टेशन के बीच चेन पुलिंग के कारण बीच सेक्शन में रुक गई थी।

## दोनों आंखे दान कर दो अंधे लोगों को दुनिया दिखाने का काम कर गया गजानन्द

निसं



**नोखा ( नवयत्न )।** राजस्थान पेंशनर समाज नोखा के सदस्य खीचीयासर हाल नोखा निवासी 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत हुए वरिष्ठ अध्यापक लेखराम गोदारा के इकलौते पुत्र गजानन्द का सुजानगढ़ रोड़ स्थित माडिया बस स्टैंड के पास शुक्रवार 12 जून 2026 को सांडवा से नोखा आने वाली प्राईवेट बस चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से बस चलाकर मोटर साईकिल चालक गजानन्द को जोरदार टक्कर मारते हुए बुरी तरह से गंभीर रूप में घायल कर दिया। जिसे राजकीय जिला अस्पताल नोखा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार कर बीकानेर पीबीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। बीकानेर में कुछ देर उपचार चला लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका सांय करीब 7 बजे उसने दम तोड़ दिया। सांय होने के कारण पोस्ट मार्टम अगले दिन शनिवार 13 जून को होने से पूर्व परिवार जनों से दोनों आंखे दान करने का आग्रह करने पर स्व. गजानन्द की माता कमला देवी और पिता लेखराम से नेत्र दान करने की सहमती मिलने के बाद नेत्र दान किये गये। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। ?ज्ञात रहे स्व. गजानन्द की शादी हुए अभी डेढ़ माह भी नहीं हुआ कि परिवार पर बहुत बड़ा पहाड़ टूट पड़ा। यह अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। दो शादी शुदा बहने हैं। गजानन्द और उसकी एक बहन की शादी 29 अप्रैल 2026 को हुई थी और अगले दिन 30 अप्रैल को पिता वरिष्ठ अध्यापक पद से सेवानिवृत हुए थे। इस दु:खद घटना पर पेंशनर समाज ने दु:ख जताया।

## बेंगलुरु पुलिस की महिला एसआई समेत तीन पुलिसकर्मी एसीबी के हत्थे चढ़े

# दहेज केस में राहत दिलाने के नाम पर मांगे दो लाख रुपए

निसं


**जयपुर ( नवयत्न )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो एसीबी की जयपुर नगर-प्रथम टीम ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एचएएल पुलिस थाने की महिला उप निरीक्षक एसआई सहित तीन पुलिसकर्मियों को चालीस हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कियाहै। आरोपितों पर दहेज प्रकरण में कार्रवाई को प्रभावित करने और परिवारजनों को राहत दिलाने के नाम पर दो लाख रुपए की रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में महिला उप निरीक्षक अनीथा के हेड कांस्टेबल उलवप्पा और हेड कांस्टेबल यतीश शामिल हैं, जो कर्नाटक के बेंगलुरु स्थित एचएएल पुलिस थाने में तैनात हैं। एसीबी को मिली शिकायत में जयपुर निवासी परिवादी ने बताया कि उसकी पुत्रवधू ने उसके और परिवार के अन्य सदस्यों के खिलाफ बेंगलुरु के एचएएल पुलिस थाने में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया हुआ है। इस मामले की जांच के सिलसिले में महिला एसआई





अनीथा अपने दोनों साथियों के साथ जयपुर आई थीं। परिवादी का आरोप था कि पुलिसकर्मी केस को हल्का करने तथा परिवारजनों को आरोपों से राहत दिलाने के बदले 2 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहे थे। रिश्वत नहीं देने पर कार्रवाई करने का दबाव बनाया जा रहा था। इसके बाद एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन कराया। जांच में 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगने की बात सही पाई गई। आरोपियों ने परिवादी को अगले दिन तक राशि की व्यवस्था करने को कहा था। इस परिवादी ने बताया कि वह तत्काल केवल 40 हजार रुपए की व्यवस्था कर सकता है। इस पर आरोपियों ने शेष 1.60 लाख रुपए बाद में बेंगलुरु में देने की बात कहते हुए रविवार सुबह होटल में बुलाया। जिसके बाद एसीबी ने ट्रैप की योजना बनाई। जहां रविवार सुबह विधायकपुरी स्थित होटल गणगौर में परिवादी ने आरोपी हेड कांस्टेबल उलवप्पा को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। बाद में पूछताछ और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर महिला एसआई अनीथा के तथा हेड कांस्टेबल यतीश की भी मामले में संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इस कार्रवाई के दौरान महिला एसआई अनीथा की तबीयत अचानक बिगड़ गई। एसीबी टीम ने तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्हें रक्तचाप बीपी संबंधी समस्या थी। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि तीनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। जांच में यह भी पता लगाया जा रहा है कि रिश्वत मांगने और लेने की इस प्रक्रिया में अन्य कोई व्यक्ति शामिल था या नहीं।

## कोबरी-सार



# आज से शुरू होगा भव्य जिम्नास्टिक्स समर कैम्प 2026

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** बीकानेर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने, बच्चों को स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली की ओर प्रेरित करने तथा उनकी ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बीकानेर जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन एवं रिस्टार्ट एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में जिम्नास्टिक्स समर कैम्प 2026 का आयोजन 15 से 28 जून तक बीएलएमजी स्कूल, रानी बाजार, रेलवे रिजर्वेशन रोड, बीकानेर में किया जाएगा। कैम्प प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक संचालित होगा। बीकानेर जिम्नास्टिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए सुधीश शर्मा ने बताया कि जिम्नास्टिक्स विश्व के सबसे लोकप्रिय एवं प्रभावशाली खेलों में से एक है जो बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक मजबूती, लचीलापन, संतुलन, एकाग्रता एवं आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल एवं अन्य डिजिटल उपकरणों की बढ़ती निर्भरता से बाहर निकालकर खेल गतिविधियों से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। रिस्टार्ट एकेडमी की संचालिका रिंकू कुमारी ने बताया कि प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है, आवश्यकता केवल उसे उचित मार्गदर्शन और अवसर प्रदान करने की होती है। इसी उद्देश्य से इस विशेष समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जहां बच्चों को अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में जिम्नास्टिक्स की तकनीकी बारीकियों, शारीरिक फिटनेस, संतुलन, लचीलापन एवं खेल भावना का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कैम्प के दौरान नियमित उपस्थिति, उत्कृष्ट अनुशासन, समर्पण एवं श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जाएगा। कैम्प के समापन समारोह में एक बालक एवं एक बालिका का चयन कर उन्हें क्रमशः समर जिम्नास्टिक्स किंग 2026 एवं समर जिम्नास्टिक्स क्वीन 2026 के सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन खिलाड़ियों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने पूरे कैम्प के दौरान निरंतर उपस्थिति, उत्कृष्ट अनुशासन,, खेल भावना एवं बेहतरीन प्रदर्शन का परिचय दिया होगा। कैम्प का उद्घाटन सुरेंद्र हर्ष जिला खेल अधिकारी एवं करण गौरी जिला संघ के संगरक्षक मुख्य अतिथि एवं राष्ट्रीय जिम्नास्टिक्स कोच महेश माथुर के विशिष्ट सान्निध्य में संपन्न होगा। कैम्प में प्रदीप सिंह पंवार, शिवराज सिंह शेखावत, मानक व्यास, भवानी शंकर पटवा, सुनील सैन, संतोष कुमार नायक, धीरज कुमार, युद्धवीर सिंह भाटी, अशोक प्रजापत, शिवशंकर, पवन नायक एवं राजेश नायक अपनी स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान करते हुए बच्चों को प्रशिक्षण देंगे और पूरा प्रशिक्षण शिविर दीपक और रेखा यादव के बी एल एम जी विद्यालय रानीबाजार में अनुभवी प्रशिक्षकों की टीम खिलाड़ियों को जिम्नास्टिक्स की मूलभूत एवं उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान करेगी। आयोजकों ने बताया कि यह कैम्प बीकानेर के सभी बच्चों के लिए खुला है। अभिभावकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने बच्चों को इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु प्रेरित करें ताकि वे खेलों के माध्यम से स्वस्थ, आत्मविश्वासी, अनुशासित एवं सफल नागरिक बन सकें।

# एक सप्ताह में करीब नब्बे वाहनों के काटे चालान




**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत रविवार को बीस वाहनों के चालान काटे। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि एक जून से विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत रविवार को पुलिस थाने के सामने एवं आजाद मार्केट के पास दुपहिया और चौपहिया वाहनों को रोककर उनकी जांच की। जिन वाहनों पर पद, जाति, संगठन, अन्य अनधिकृत लिखी हुई चीजें, वाहनों पर लगी काली फिल्म उतरवाई गई। उन्होंने बताया कि बिना हेलमेट के दुपहिया चलाने वाले, बगैर सीट बेल्ट व बगैर दस्तावेजों के वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि एक सप्ताह में करीब 90 वाहनों के चालान काटे। उन्होंने बताया कि वाहनों पर नंबर के अलावा कुछ भी लिखना कानूनन गलत है। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# सैनी बने छठवीं बार लायंस क्लब के अध्यक्ष



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** लायंस क्लब श्रीमाधोपुर द्वारा बाइपास रोड स्थित आहार रेस्टोरेंट में आयोजित आम सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक को छठवीं बार क्लब का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं अनिल कुमार मारवाल सचिव, ललित कुमार सैनी कोषाध्यक्ष रहेंगे। इसके अलावा बजरंग लाल कुमावत को प्रथम उपाध्यक्ष, डॉक्टर मंगल यादव को द्वितीय उपाध्यक्ष एवं सागरमल सैनी को तृतीय उपाध्यक्ष, रमेश चंद सैनी को सहसचिव एवं डॉक्टर विनय खंडेलवाल को सहकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ महेंद्र प्रताप तिवाड़ी क्लब के संरक्षक रहेंगे। इस मौके पर क्लब के परमानंद सोनी, डॉ नीलकंठ कयाल, राजेंद्र प्रसाद जांगिड़, सागरमल हवालई, माणक चंद तिवारी, निरंजन अग्रवाल, मनोज मालपाणी, श्रीराम कुमावत, बाबूलाल कटारिया, बलदेव सैनी, डॉ महेंद्र स्वामी, डॉ मुकेश बल्डवाल, डॉ नरेश पारीक, गोपाल सैनी, नंदकिशोर सैनी, राजेश सैनी, रामनारायण सैनी, छीतमल सिंह निठारवाल, राम रतन सोनी, रतन लाल सैनी, विजय सैनी और विनेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

## सड़क किनारे खड़े ट्रक में चालक का शव मिला

**नोखा ( नवयत्न )।** बीकानेर के भारतमाला रोड स्थित नोखा के किसनासर रोही क्षेत्र में एक ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान राधेश्याम विश्नोई 49 निवासी आदमपुर मंडी, हिसार हरियाणा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार 12 जून की शाम उन्होंने ट्रक मालिक सुनील बोहरा को फोन कर सीने में दर्द और तबीयत खराब होने की शिकायत की थी। मालिक ने उन्हें दवा लेने की सलाह दी। इसके बाद राधेश्याम ने भारतमाला रोड के रेस्ट एरिया के पास ट्रक खड़ा कर दिया। कुछ समय बाद वह ट्रक के भीतर अचेत अवस्था में मिले।

# प्रदेश महामंत्री विजय पोटलिया का अभिनंदन समारोह आयोजित

निसं






**सरदारशहर ( नवयत्न )।** राजस्थान शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित प्रदेश महामंत्री विजय पोटलिया व अन्य पदाधिकारियों का अभिनंदन समारोह पारीक भवन सरदारशहर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कमला प्रसाद जोशी ने शिक्षकों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं से डटकर मुकाबला करने का आह्वान किया। प्रदेश महामंत्री विजय पोटलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरा सम्मान प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है। केन्द्र सरकार द्वारा टेट की अनिवार्यता, राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज के तृतीय श्रेणी शिक्षकों के लिए पे प्रोटेक्शन के मुद्दे सहित अनेक दमनकारी नीतियों का न सिर्फ विरोध किया जाएगा, अपितु आदेश वापस लेने तक संघर्ष जारी रहेगा। प्रांतीय उपाध्यक्ष भंवरलाल कस्वां, प्रदेश संयुक्त मंत्री शुभकरण नैण व प्रदेश संगठन मंत्री रतनलाल पूनिया ने बताया कि चूरु जिले के शिक्षक सदैव संघर्षशील विचारधारा के रहे हैं। सार्वजनिक शिक्षा को बचाने व शिक्षक, शिक्षार्थी हितों के लिए हमेशा संघर्ष की धार को पैनी करना होगा, अन्यथा सरकार की निजीकरण की नीति से सब कुछ कार्पोरेट के के हाथों चला जाएगा। जिला महामंत्री वेदपाल मलिक व कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सीगड़, कार्यालय मंत्री याकूब खान व सभाध्यक्ष हवासिंह मोगा ने कहा कि शिक्षक साथियों को देय पुरानी पेंशन किसी भी कीमत पर छीनने नहीं देंगे। सरकार कभी ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती कर, कभी गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी लगाकर सार्वजनिक शिक्षण संस्थानों को ध्वस्त करने का कार्य कर रही है लेकिन संगठन हर मुकाबले के लिए तैयार है। प्रांतीय प्रतिनिधि चौथमल चीनिया, प्रांतीय प्रतिनिधि रणवीर सहारण, प्रांतीय प्रतिनिधि गौरीशंकर सिहाग, प्रांतीय प्रतिनिधि महेन्द्र पूनिया, प्रांतीय प्रतिनिधि लूणाराम खारड़िया, प्रांतीय प्रतिनिधि लिखमाराम नायक सहित सभी का माल्यार्पण व शोल उढ़ाकर सम्मान किया गया। प्रदेश महामंत्री विजय पोटलिया को अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अश्विनी पारीक, रतिराम सहारण, माया चौधरी, सरस्वती मारु, दौलतराम जांगिड़, मनफूल सारण, पवन कुमार जोशी, पवन कुमार महर्षि, रामस्वरूप सिंधड़िया, सुरेश सुंडा, सुधेन्द्र जोशी इत्यादि ने संबोधित किया। चेतना ग्रुप की प्रभारी इंदुबाला वर्मा के नेतृत्व में छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। राजगढ़ अध्यक्ष संजय खीचड़, मंत्री सतीश जांगिड़, चूरु अध्यक्ष अनिल लांबा व मंत्री खादिम अली, तारानगर अध्यक्ष बनवारी फगेड़िया व मंत्री मदनलाल सारण, रतनगढ़ अध्यक्ष भोजराज शर्मा व मंत्री मुरलीधर अजमेरिया, सुजानगढ़ से शिवपाल राजियासर के नेतृत्व में समस्त उप-शाखाओं के शिक्षक साथियों ने सैंकड़ो की संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम का संचालन उपशाखा अध्यक्ष सुरेन्द्र झोरड़ व मंत्री गजानंद मेघवाल ने किया।

# सामाजिक संस्था एफर्ट्स ने 43 बच्चों को प्रदान की छात्रवृति




जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अंबेडकर भवन झुंझुनू में एफर्ट्स संस्था ने 12वां चेक वितरण कार्यक्रम आयोजित कर अनुसूचित जाति के 43 बच्चों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं की तैयारी हेतु दस लाख पैंतीस हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की। अतिथियों ने सबसे पहले बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मंचस्थ अतिथि एफर्ट्स संस्था से स्कॉलरशिप प्राप्त कर चयनित व्याख्याता मीरा निर्मल, शिक्षिका पूजा पातुसरी, नवचयनित शिक्षक कमल कल्याण शिथल सहित डॉ निरंजन चिरानिया, उपप्रबंधक पीएनबी संदीप चावला, मुकुल हमीरवास, गौरव सेनानी ओमप्रकाश भूरिया, रामस्वरूप रसोड़ा, मुकुल हमीरवास, ताराचंद देवठिया, तनसुख सानेल, मालदेव, मनोज भूरिया उपस्थित रहे। नवचयनित व्याख्याता मीरा ने बताया कि आज मेरे चयन का श्रेय मैं एफर्ट्स संस्था को देती हूं। संस्था के मोटिवेशन एवं सहयोग से आज मैं व्याख्याता बनी हूं। मैं मेरी पहली सैलरी एफर्ट्स संस्था में भेंट करूंगी तथा प्रोबेशन कॉल पूरा होते ही मैं अच्छा सहयोग भी करूंगी। शिक्षिका पूजा पातुसरी, शिक्षक कमल कल्याण ने भी अपनी सफलता का श्रेय एफर्ट्स संस्था को दिया। मुख्य वक्ता डॉ निरंजन चिरानिया ने बच्चों को तल्लीन होकर प्रतियोगिता की तैयारी हेतु प्रोत्साहित किया। एफर्ट्स झुंझुनू जिले के उन प्रतिभावान बच्चों के लिए कार्य कर रही है जो आर्थिक तंगी के कारण प्रतिभावान होते हुए भी 12 वीं कक्षा के बाद अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाते हैं। क्योंकि उनके पास कोचिंग के लिए पैसों का और मोटिवेशन का अभाव होता है। नीट, आईआईटी या अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाएं जैसे यूपीएससी, व्याख्याता, पटवारी, ग्रामसेवक, शिक्षक, पुलिस सहित किसी भी कंपटीशन एग्जाम की तैयारी हेतु स्कॉलरशिप दी प्रदान की। नीट, आईआईटी, यूपीएससी के माध्यम से एवं आरएएस की तैयारी करने वाले 26 बच्चों को तीस-तीस हजार रुपए की कुल सात लाख अस्सी हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इनके अलावा तैयारी करने वाले 17 बच्चों को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए की दो लाख पच्चपन हजार रुपए की स्कॉलरशिप प्रदान की गई। इस प्रकार कुल दस लाख पैंतीस हजार रुपए के डमी चेक प्रदान किए। एफर्ट्स झुंझुनू की पहली संस्था है जो समाज के अनुसूचित जाति के आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान बच्चों को स्कॉलरशिप उपलब्ध करवाती है। संस्था द्वारा नवचयनित प्रतिभाओं को एफर्ट्स संस्था का लोगो भेंटकर बच्चों का एवं अतिथियों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुकुल हमीरवास ने ग्यारह हजार रुपए, लीलाधर चौहान एवं अम्मीलाल गोठवाल ने इक्कीस सौ रुपए, रामनिवास महरिया ने ग्यारह सौ रुपए का सहयोग दिया। इस दौरान एफर्ट्स संस्था के सक्रिय सदस्य इंद्राज सिंह भूरिया, डॉ राकेश माहिच, डॉ महेश सरोवा, सीताराम बास बुडाना, मनेश्वर सिरोवा, सुनील गोठवाल, जितेंद्र गर्वा, संदीप टंडन, राजेश हरिपुरा, सुनील कलिया, डॉ महेंद्र सानेल, डॉ सुरेश शिला, राकेश तूनवाल, महेश जसरापुर, नरेंद्र कहडायला, अमरसिंह नारनौलिया, डॉ अरविंद नारनौलिया, अजय वर्मा, करण चूड़ी, एडवोकेट महेश नारनौलिया सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर सनराइज द्वारा रविवार को नि:शुल्क पाक्षिक होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर का 482 वां शिविर चौधरी नाथूराम भामु रोटरी भवन में आयोजित किया गया। जिसमें श्रीमाथोपुर के अलावा पटवारी का बास, ढालियावास, लिसाडिया, नांगल, नाथुसर, कंचनपुर, होलियावास, अजीतगढ़, कांवट, खंडेला, होद, खेडी-जाजोद, जयरामपुरा सहित कई अन्य गाँवों के 90 मरीजों ने लाभ उठाया। क्लब के गिरिराज कयाल ने बताया कि इससे पहले आयोजित शिविरों में 52 हजार से भी ज्यादा मरीजों ने लाभ उठाया है। क्लब की ओर से इस तरह का शिविर हर माह के दुसरे रविवार को रोटरी भवन श्रीमाधोपुर में आयोजित किये जाता है। इसमें डॉ एस एल चौधरी द्वारा सभी तरह की पथरी, प्रोस्टेट, चर्म रोग, पेट रोग, दमा-श्वास, सोरौसिस, साइटिका, नजला, जुखाम, टोंसिल्स, एलर्जी, माइग्रेन, फंगल इनफेंक्शन, जोडो का दर्द एवं अन्य कई रोगों से ग्रसित मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया तथा क्लब की ओर से 14 दिनों की दवाइयां नि:शुल्क दी गई। होमियोपैथिक शिविर में डॉ एस एल चौधरी के साथ क्लब पूर्व सहप्रान्तपाल गिरिराज कयाल, डॉ माधव सिंह, क्लब प्रेसिडेंट राजेंद्र प्रसाद कसेरा, मुकेश व्यास, विजय कुमार कसेरा एवं क्लब के और सदस्यों ने अपनी सेवाए दी।

## भाईजी के नोहरे में राम नाम जप आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** पुरुषोत्तम मास की सोमवती अमावस्या पावन पर्व पर रतनगढ़ के मठाधीश शिवालय के पास पूज्य भाईजी हनुमानप्रसाद पोद्दार के नोहरे में भव्य राम नाम जप कार्यक्रम का आयोजन रविवार प्रातः हुआ। नाम जप शुरू होने से पूर्व भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना कर भाईजी व राधा के चित्र पर पुष्प माला अर्पित की। नामजप आयोजन में पवन कुमार चोटिया, ओम मनोहर स्वामी, रामकिशन चांडक, अरुण सोनी, विष्णुदत्त चौधरी, रामगोपाल चौधरी, ललित चौधरी,, महावीर प्रसाद सेवदा, गोपाल दर्जी, आनंदकुमार चौधरी, ओम सारस्वत सहित बड़ी संख्या में नाम जप साधक और भाईजी के परिकर उपस्थित थे।

# सोशल इमोशनल लर्निंग एवं वेलबीइंग वर्कशॉप आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड, सीकर स्थित सीबीएसई इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रिंस एकेडमी में टीचर्स के लिए सोशल इमोशनल लर्निंग एवं वेलबीइंग तथा तनाव प्रबंधन और बर्नआउट से बचाव विषय पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। वर्कशॉप का शुभारंभ रिसोर्स पर्सन पूजा वशिष्ठ के स्वागत के साथ हुआ। प्रबंध निदेशक एम आर अग्रवाल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल पूनम चौहान, रेनुका पूनिया, एकेडमिक हेड धर्मपाल सिंह, पीसीपी प्री-फाउंडेशन हेड जयपाल सिंह राठौड़ सहित सभी समन्वयक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला में पूजा वशिष्ठ ने शिक्षकों को तनाव प्रबंधन, भावनात्मक संतुलन, मानसिक स्वास्थ्य तथा कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन बनाए रखने के महत्वपूर्ण पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सकारात्मक सोच, आत्म-देखभाल और स्वस्थ कार्य वातावरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

# पेरिस में गूंजेगी राजस्थानी लोक धुन : प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में प्रस्तुति देंगे रहीस भारती और धोद बैंड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक विरासत को अंतर्राष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने वाले सुप्रसिद्ध लोक कलाकार रहीस भारती और उनका धोद बैंड 18 जून 2026 को फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित प्रतिष्ठित बोंजूर मोदी कार्यक्रम में विशेष प्रस्तुति देंगे। यह आयोजन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में किया जा रहा है, जिसमें भारतीय संस्कृति, प्रवासी भारतीय समुदाय और भारत-फ्रांस मैत्री की झलक देखने को मिलेगी। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम पेरिस के ऐतिहासिक एवं प्रसिद्ध कॉन्सर्ट हॉल साले प्लेयल में आयोजित होगा। रहीस भारती और धोद बैंड का चयन भारतीय दूतावास, पेरिस द्वारा किया गया है, जिसे राजस्थान और भारतीय लोक संस्कृति के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

वर्तमान में रहीस भारती एवं धोद बैंड अपने यूरोप टूर-2026 पर हैं। इस दल में राजस्थान के दूरस्थ गांवों से जुड़े करीब 20 लोक कलाकार शामिल हैं, जो इन दिनों फ्रांस सहित यूरोप के विभिन्न देशों में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारतीय लोक संस्कृति की प्रस्तुतियां दे रहे हैं। पिछले 26 वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहीस भारती एवं धोद बैंड विश्व के 119 से अधिक देशों में अपनी प्रस्तुतियां देकर भारतीय लोक संस्कृति का परचम लहरा चुके हैं। राजस्थान की धरती से निकला यह समूह आज भारत की सांस्कृतिक पहचान का सशक्त वैश्विक प्रतिनिधि बन चुका है। धोद बैंड प्रतिवर्ष लगभग छह से सात माह विदेशों में रहकर राजस्थान और भारत की लोक कलाए संगीत एवं सांस्कृतिक परंपराओं का प्रचार-प्रसार करता है। रहीस भारती के प्रयासों से अब तक 700 से अधिक लोक कलाकारों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल चुका है। धोद बैंड के माध्यम से राजस्थान के लंगा, मांगणियार, कालबेलिया, ढाढ़ी,



दमामी और राणा समुदायों सहित पारंपरिक ब्रास बैंड कलाकारों को भी वैश्विक पहचान मिली है।

रहीस भारती के प्रयासों ने राज्य की लोक कलाओं को विश्व के प्रतिष्ठित मंचों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 18 जून को आयोजित बोंजूर मोदी कार्यक्रम के बाद रहीस भारती एवं धोद बैंड को पुर्तगाल के प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय संगीत महोत्सवों के अलावा फ्रांस, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, इटली और स्पेन में आयोजित विभिन्न सांस्कृतिक समारोहों और कॉन्सर्ट में भी प्रस्तुति देने के लिए आमंत्रित किया गया है। रहीस भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्मान में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में प्रस्तुति देना उनके लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल धोद बैंड का नहीं बल्कि राजस्थान की लोक संस्कृति, लोक कलाकारों और भारत की सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है।

# भीषण गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने का संकल्प, 51 परिंडे लगाए



निसं

**जाखल ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी के बीच पक्षियों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल में पक्षियों के लिए 51 परिंडे लगाए गए। यह सेवा कार्य श्यामसुंदर सौंथलिया के सहयोग से संपन्न हुआ। गौशाला प्रबंधन ने बताया कि गर्मी के मौसम में जल स्त्रोतों की कमी के कारण पक्षियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान चलाया गया है। परिंडों में नियमित रूप से पानी भरने की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे पक्षियों को निरंतर राहत मिल सके। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने कहा कि जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता और करुणा भारतीय संस्कृति की पहचान है। पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था करना एक छोटा लेकिन अत्यंत पुण्य कार्य है, जो पर्यावरण संरक्षण और जीव सेवा का संदेश देता है। गौशाला समिति ने आमजन से भी अपने घरों, खेतों और सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाने की अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति एक परिंडा लगाकर मूक प्राणियों की सेवा में सहभागी बन सकता है। इस प्रकार के प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीवों के प्रति प्रेम और सह-अस्तित्व की भावना को भी बढ़ावा मिलता है।

# बिना संयम के साधक की भक्ति निरर्थक हो जाती है : महाराज



निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** कलयुग में भगवान का नाम ही कल्याण का परम साधन एवं निष्काम भक्ति साधक की परम साधना होती है। पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत मंदिर श्रीराधा गोपीनाथ श्रीमाधोपुर में चल रही भागवत कथा में रविवार को व्यास पीठाचार्य प्रयागदास महाराज ने भागवत के 11वीं स्कंध में दुर्वासा ऋषि के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को शाप देना, साम्ब के माध्यम से यदुवंश का विनाश, 24 गुरुओं की कथा का वर्णन किया गया। प्रात: श्रृंगार दर्शन के पश्चात महिला भक्तों के द्वारा भव्य हरि नाम संकीर्तन किया गया। रात्रि में रामचरित्र मानस में कागभूसुंडी की कथा का गान भक्तों के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। मंदिर के महंत मनोहर शरण दास ने बताया पुरुषोत्तम मास का अंतिम दिवस सोमवार को सोमवती अमावस्या के रूप में मनाया जाएगा जिसके अंतर्गत भगवान का पंचामृताभिषेक कर दिव्य श्रृंगार तत्पश्चात प्रात: 9 बजे से भक्तों के द्वारा सामूहिक गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ, सायंकाल 5:30 बजे कथा का विसर्जन तत्पश्चात भक्तों के द्वारा पुरुषोत्तम भगवान के सम्मुख दीपदान, रात्रि में 7:30 बजे हवन यज्ञ एवं पोथी विसर्जन का उत्सव मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रमों में सभी धर्म प्रेमी अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर अपने जीवन को भक्तिमय मार्ग पर अग्रसर करें।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने स्वच्छता अभियान में किया श्रमदान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मोदी सरकार के 12 स्वर्णिम वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित ग्रीन पार्क में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने स्वयं श्रमदान कर स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता का संदेश दिया तथा स्वच्छता कर्मियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सेवाए स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक है तथा इससे समाज में हरित सोच को बढ़ावा मिलेगा। दीया कुमारी ने कहा कि स्वच्छ वातावरण और हरित परिवेश के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने आमजन से स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कहा कि मिलकर ही स्वच्छ एवं विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सकता है।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री का किया अभिनंदन

नवरतन वर्मा


**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में ओबीसी मोर्चा भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री भंवरलाल जांगिड़ का अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा द्वारा सीताराम रोलीवाल व समाज के गणमान्यजनों ने माला व दुपट्टा पहनाकर का हार्दिक अभिनंदन किया। इस अवसर पर राजकुमार, बजरंगलाल, सुभाष चंद्र, संदीप, प्रदीप रोलीवाल, मेघराज चोयल, बजरंगलाल धामु, सांवरमल बरवाडिया, हीरालाल अड़ीचवाल, मुकेश राजोतिया, कन्हैयालाल डाडीवाल, धर्मपाल काला, मोहनलाल सुथार, कनक कुमार, रतनलाल चोयल, अरविन्द सिंह चारण, सुभाष ज्याणी, परमेश्वर लाल सारस्वत, पुनित सिंह नेहरा, पवनकुमार जांगिड़ उपस्थित थे। मंचिय संचालन बनवारी लाल सिलक ने किया।



# शहर से गुजरने वाले तीनों ओवरब्रिज पर अंधेरा कायम

## 140 पोल पर लगी 280 में से 161 लाईटें खराब

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहरी क्षेत्र से गुजरने वाले तीन ओवरब्रिजों पर लगे पोल की लाईटें बड़ी संख्या में खराब होने से रात्रि के समय यहां अंधेरा कायम रहने से हादसों का खतरा बना हुआ है। पिछले दो महीनों से रोड लाईटें बंद होने के बावजूद संबंधित विभाग की ओर से मरम्मत नहीं करवाई जा रही। जानकारी के अनुसार एनएचएआई द्वारा लाडनूं प्रवेश पर बनाए गए ओवरब्रिज पर 18 पोल पर 36 लाईटें लगाई गई जो पूरी खराब पड़ी है। यहां एक भी लाईट नहीं जलने से ओवरब्रिज और नीचे साईड से मारुति शोरूम की तरफ जाने वाली रोड पर अंधेरा रहता है। वहीं इसके आगे रेल्वे पटरियों पर बने हुए आरओबी पर 78 पोल लगाए गए हैं, जिन पर कुल 156 लाइटें स्थापित हैं। इनमें से करीब 90 लाइटें लंबे समय से खराब पड़ी हैं। इतना ही नहीं लाडनूं के डीडवाना चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर 44 विद्युत पोल खड़े है मगर इन के ऊपर लगी हुई 88 लाईट में 35 लाइटें पूरी तरह से बंद पड़ी हैं।

### रात्रि के समय हाईवे पर सता रहा अंधेरे का डर

शहर में तिरपाल मार्केट के पास बने ओवरब्रिज से लेकर डीडवाना चौराहे तक मुख्य हाईवे पर रात्रि के समय बड़ी संख्या में राहगीरों, वाहन चालकों और अन्य पैदल यात्रियों का शहर और बाईपास की तरफ आवागमन रहता है। यहां से गुजरने वाले तीनों ओवरब्रिजों पर 161 लाईटें पूरी तरह बंद रहने से रात के समय यहां पूरे हाईवे और साइड की रोड पर अंधेरा पसरा रहता है। इससे वाहन चालकों, राहगीरों एवं स्थानीय लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। कम रोशनी के कारण दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि समस्या लंबे समय से बनी हुई है लेकिन जिम्मेदार विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। लोगों ने खराब और बंद पड़ी लाइटों को जल्द ठीक कर ओवरब्रिजों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था बहाल करवाई जाने की मांग की है।

### इनका कहना है

हाल ही में तूफान और बारिश आने के चलते कुछ लाईटें खराब हुई है। लाईट ठेकेदार को सूचना कर बंद पड़ी लाइटों को शीघ्र दुरुस्त करवाया जाएगा।

**रवि शंकर त्रिपाठी**
**एनएचएआई, लाडनूं**

# नमक उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सरकार का बड़ा कदम

## भूखंड आवंटन अब ई-ऑक्शन से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राज्य सरकार ने नमक उद्योग को प्रोत्साहन देने और नमक उत्पादकों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए भूखंड आवंटन संबंधी नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। इसके तहत राजस्थान (लवण क्षेत्रों में भूखंड आवंटन) संशोधन नियमए 2026 जारी किए गए हैं। नए नियमों से नमक उद्योग में निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद है। नए नियमों के अनुसार अब नमक उत्पादन के लिए भूखंडों का आवंटन ई-ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। इससे पहले यह प्रक्रिया लॉटरी प्रणाली के जरिए संचालित होती थी। संशोधित नियमों में अपील की व्यवस्था, नमक इकाइयों के वर्गीकरण तथा अन्य प्रशासनिक प्रावधानों को भी शामिल किया गया है। सरकार के अनुसार जिन जिलों में नमक उत्पादन के लिए लवणीय भूमि उपलब्ध है, वहां अब सर्वे, सीमांकन और भूखंडों के मापन के बाद आवंटन की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। इससे नए लवण क्षेत्रों में नमक उद्योग के विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा। पूर्व नियमों में लीज समाप्त होने के चार वर्ष बाद नवीनीकरण का कोई प्रावधान नहीं था, जिसके कारण करीब 300 नमक उत्पादक इकाइयां लीज नवीनीकरण से वंचित रह गई थी। इससे उद्योग से जुड़े उद्यमियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। राज्य सरकार ने ऐसे मामलों में राहत देते हुए प्रभावित इकाइयों को 6 माह की एकमुश्त छूट देने का निर्णय लिया है। इस अवधि के दौरान इकाइयां अपनी लीज का नवीनीकरण करा सकेंगी। इससे न केवल नमक उत्पादकों को राहत मिलेगी बल्कि राज्य सरकार के राजस्व में भी वृद्धि होगी। नए नियम लागू होने के बाद नए लवण क्षेत्रों में भूखंड आवंटन की प्रक्रिया आसान होगी जिससे इस क्षेत्र में निवेश बढ़ने की संभावना है। सरकार का मानना है कि नमक उद्योग के विस्तार से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और प्रदेश की औद्योगिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।



# किसान सभा के अगस्त माह में होने वाले राज्य सम्मेलन पर हुई चर्चा




**तारानगर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा के अगस्त माह में होने वाले राज्य सम्मेलन के लिए स्वागत समिति के गठन व सम्मेलन की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला कमेटी की बैठक तारानगर के इन्द्रलोक भवन में जिला अध्यक्ष इन्द्राज सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य वक्ता भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनियां व प्रभारी सागर खाचरिया रहे। वक्ताओं ने 21,22 व 23 अगस्त को तारानगर में आयोजित होने वाले 29 वें राज्य सम्मेलन की तैयारियों व सफल आयोजन हेतु विस्तृत चर्चा की गई। कॉमरेड बलवान पूनियां ने देश व प्रदेश की सरकारों को किसान विरोधी बताते हुए किसान सभा को मजबूत बनाने व संगठित होकर अन्याय के खिलाफएक होकर लड़ने का आह्वान किया। प्रभारी कॉ सागर खाचरिया व किसान सभा के राज्य संयुक्त सचिव कॉ संजय माधव ने भी एक जुट होकर सम्मेलन मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया व सभी तहसील कमेटियों को ज्यादा से ज्यादा सहयोग करने को कहा।इससे पूर्व राज्य कमेटी सदस्य कॉ निर्मल कुमार ने सम्मेलन की रूपरेखा व तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक को हरियाणा के राज्य संयुक्त सचिव कॉ बलवीर थांकण, कामरेड उमराव सहारण, पूर्णाराम सरावग, विक्रम सोनी ने भी संबोधित किया। स्वागत समिति में कॉमरेड उमराव सिंह को अध्यक्ष, निर्मल कुमार को मंत्री, मनोहर लाल शर्मा को कोषाध्यक्ष व रामस्वरूप सहारण, भोजराज महला, मोहम्मद सलीम, दीपचंद बराला, भरतसिंह सहारण को संरक्षक मंडल सदस्य नियुक्त किया गया। इस अवसर पर किशन शर्मा, नितेश उपाध्याय, मुकेश शर्मा, मुरलीधर पटीर, सलीम खान तथा जिले की समस्त तहसील कमेटियों के अध्यक्ष व सचिव तथा जिले भर से अनेक किसान मौजूद रहे। संचालन कॉ उमराव सिंह सहारण ने किया।

# अखिल भारतीय किसान सभा का जिला सम्मेलन सम्पन्न

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय किसान सभा का 29 वां जिला सम्मेलन झुंझुनूं स्थित शिक्षक भवन में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की शुरुआत संगठन के निवर्तमान जिलाध्यक्ष गिरधारी महला द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। ध्वजारोहण के उपरांत सम्मेलन की औपचारिक कार्यवाही प्रारंभ हुई। सम्मेलन का उद्घाटन अखिल भारतीय किसान सभा के राज्य अध्यक्ष कामरेड पेमाराम ने किया। उद्घाटन संबोधन में कामरेड पेमाराम ने कहा कि किसानों की हालत लगातार बदतर होती जा रही है। किसानों को न तो अनाज का लाभकारी मूल्य मिल रहा है, न दूध का उचित दाम और न ही अन्य कृषि उत्पादों का वाजिब मूल्य प्राप्त हो रहा है। बढ़ती लागत, कर्ज और बाजार की अनिश्चितताओं के कारण किसान गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शेखावाटी क्षेत्र के किसानों के सामने सिंचाई के पानी का गंभीर संकट खड़ा है। भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है और स्थिति ऐसी बनती जा रही है कि आने वाले समय में पेयजल का भी संकट उत्पन्न हो सकता है। वर्तमान भाजपा सरकार जिले के किसानों और आम नागरिको को नहर के नाम पर गुमराह कर रही है चुनावों और उपचुनावों के समय अफसरों को दौड़ाकर फील्ड में भेजा गया और डीपीआर का नाटक रचा गया जो चुनावों के बाद आज तक धरातल पर नहीं है। आगामी चुनावों के समय फिर से इसी मुद्दे को उठाकर जनता को फिर गुमराह किया जाएगा। किसान सभा इसको लेकर गांवों-गांवों में किसानों को जागरूक कर लामबंद करेगी और लड़ाई लड़ेगी। यदि समय रहते इन समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो कृषि आधारित शेखावाटी की अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ेगा। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड फूलचंद बर्बर, विद्याधर गिल एवं राजेश बिजारणिया ने की। सम्मेलन में किसानों की समस्याओं, कृषि संकट, सिंचाई, फसलों के लाभकारी मूल्य तथा संगठन को मजबूत बनाने के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष देवेंद्र झाझड़िया, सीटू के जिलाध्यक्ष गजराज कटेवा, एसएफआई के जिला अध्यक्ष आशीष पचार तथा डीवाईएफआई के जिलाअध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बधाई संदेश प्रेषित किए और किसान आंदोलन के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। जिला मंत्री मदन यादव ने पिछले तीन वर्षों की संगठनात्मक गतिविधियों एवं संघर्षों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। रिपोर्ट पर उपस्थित प्रतिनिधियों ने विस्तार से चर्चा की तथा अपने सुझाव दिए। बहस के उपरांत रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन के द्वितीय चरण में संगठन की नई जिला कमेटी एवं कार्यकारिणी के चुनाव किया गया जिसमें सर्वसम्मति से 31 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में रणधीर सिंह ओला को जिलाध्यक्ष, सुमेर सिंह बुडानिया को महामंत्री तथा प्रवेश झाझड़िया को कोषाध्यक्ष चुना गया।

विजेंद्र कुलहरी, सुरेश महला, देवकीनंदन, सुरेंद्र लाम्बा एवं विजेंद्र लाम्बा को उपाध्यक्ष तथा अरविंद गढ़वाल, हरिसिंह, महावीर खरबास, पवन कुल्हार एवं राजेंद्र पिलानी को संयुक्त सचिव निर्वाचित किया गया। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश बिजारणिया, महिपाल पूनिया, बिलाल कुरैशी, शिवनाथ महला, संदीप सर्वा, सुभाष बुगालिया, नरेंद्र सिंह पायल, मूलचंद खरिटा, प्रमोद स्वामी, दरिया सिंह, रोहिताश महला, चंद्रभान यादव एवं नरेंद्र बड़िया को चुना गया। सम्मेलन का समापन किसान एकता, संघर्ष और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ हुआ और आने वाले दिनों में जिले भर के किसानों को किसान सभा के बैनर तले एकजुट कर किसानों के मुद्दों के लिए लड़ने की प्रतिबद्धता जताई। नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने किसानों के हितों, सिंचाई के पानी, फसलों के लाभकारी मूल्य, कृषि संकट तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर संघर्ष को और मजबूत करने का संकल्प लिया इस दौरान जिले भर से सैकड़ों किसान उपस्थित रहें।

# जेडीए ने 300 करोड़ की 100 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर विकास प्राधिकरण जेडीए द्वारा अवैध अतिक्रमणों एवं अवैध कॉलोनियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जेडीए ने जोन-10 क्षेत्र में स्थित ग्राम सुमेल, बैदाणा की ढाणी में लगभग 300 करोड़ रुपये मूल्य की करीब 100 बीघा बेशकीमती सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाते हुए अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर दिया। उप महानिरीक्षक पुलिस आनंद शर्मा ने बताया कि उक्त भूमि खसरा संख्या 208/1 में आती है, जहां कुछ लोगों द्वारा संगठित रूप से कब्जा कर अवैध कॉलोनी विकसित करने का प्रयास किया जा रहा था। मौके पर 13 पक्के मकान, निर्माणाधीन ढांचे, प्लॉटों की बाउंड्रीवाल, टीनशेड नुमा कोठरियां, तारबंदी, मिट्टी की डोल, कांटों की बाड़ एवं झाड़ियों सहित विभिन्न प्रकार के अवैध निर्माण कर भूमि पर कब्जा कर लिया गया था। सूचना एवं विस्तृत जांच के बाद मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन, समस्त उप नियंत्रक प्रवर्तन तथा प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 11, 12, 19, 25 एवं सी की मौजूदगी में यह कार्रवाई की गई। पुलिस आयुक्तालय जयपुर शहर से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस बल तथा स्थानीय थाना जामड़ोली पुलिस के सहयोग से मौके पर व्यापक स्तर पर अभियान चलाया गया। जोन-10 के राजस्व एवं तकनीकी स्टाफकी निशानदेही पर प्रवर्तन दस्ते ने जेसीबी मशीनों एवं मजदूरों की सहायता से सभी अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया और लगभग 100 बीघा भूमि को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त करवाया। अधिकारियों के अनुसार मुक्त करवाई गई भूमि की अनुमानित बाजार कीमत करीब 300 करोड़ रुपये आंकी गई है। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन शिल्पा चौधरी के पर्यवेक्षण में यह पूरी कार्रवाई संपन्न की गई, जिसमें उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10ए 11, 12, 19, 25 एवं सी सहित प्राधिकरण के जाप्ते, लेबर गार्ड तथा संबंधित जोनों के राजस्व एवं तकनीकी स्टाफकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। जेडीए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अतिक्रमणों और अवैध कॉलोनियों के खिलाफअभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एटीएम कार्ड बदलकर वृद्ध व्यक्ति के खाते से निकाले हजारों रुपये

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के झोटवाड़ा थाना क्षेत्र में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने का मामला सामने आया है। जहां दादी का फाटक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ में एक वृद्ध व्यक्ति को बातों में उलझाकर अज्ञात बदमाश ने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और खाते से हजारों रुपये की राशि निकालकर फरार हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई रामसिंह ने बताया कि गोविंद नगर करधनी निवासी 63 वर्षीय मदन सिंह मीणा ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि वह 8 जून 2026 की सुबह दादी का फाटक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम बूथ पर नकदी निकालने गए थे। इसी दौरान वहां मौजूद एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें बातचीत में उलझा लिया और चालाकी से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और फिर बाद में बदले गए कार्ड के जरिए आरोपित ने उनके बैंक खाते से राशि निकाल ली।

# हरी नाम संकीर्तन एवं भंडारा प्रसाद आयोजित

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मांडेता स्थित श्री काशीपुरीश्वर मंदिर में आठ प्रहर 24 घंटे का अखण्ड श्री हरि नाम संकीर्तन एवम् भण्डारा प्रसाद का आयोजन हुआ सम्पन्न हुआ, जिसमें कई सन्तों और भक्तों ने भाग लिया। महंत स्वामी कानपुरी महाराज के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में सन्त सरलनाथ महाराज, साध्वी मगीबाई दुजार, सन्त जुगलकिशोरदास महाराज पधारे। कार्यक्रम में समाजसेवी शंकरलाल सामरिया, वरिष्ठ एडवोकेट निरंजन कुमार सोनी, डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा, रतन सेन, सुमनेश शर्मा, अशोक जाखड़, डॉ गोपाल राखेचा, नथमल दायमा खामियाद, बजरंगलाल स्वामी दुजार, मास्टर सीताराम प्रजापत, लक्ष्मण सारस्वत गुगरियाली, ठाकुर महेन्द्र सिंह लाडनूं, दीपकराज माथुर लाडनूं, पवन दादलीका, महेन्द्र चोटिया, सुरेन्द्र कुमार पुनसीसर, उम्मेद जांगिड़, सुभाष जांगिड़, डूंगर, शायर, बालेश, शिवशंकर, कैलाशचन्द्र सुरोलिया, सब इंस्पेक्टर गीतारानी बिश्नोई, अनिता चौधरी, अमरचन्द बुगालिया, गणेशी देवी, ममतादेवी बुगालिया, कौशल्या शर्मा, रुक्मिणी देवी, मदन कंवर, ओम कंवर, वंशिका माहेश्वर, पवन कुमार पारीक, कन्हैयालाल प्रजापत, पदमसिंह मामडोदा, रामनिवास चौधरी, महावीर मंडा, गोपाल प्रजापत सहित अनेक भक्तजनों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

# सारोठिया स्कूल में किया पौधरोपण



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सारोठिया में पौधरोपण किया गया है। पर्यावरण प्रेमी व राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम के पदाधिकारी पुसाराम स्वामी ने बताया कि लाडनूं विकास संस्थान द्वारा समाजसेवी कमल गट्टानी के आर्थिक सौजन्य से उपलब्ध शीशम, अनार, ईमली, नींबू आदि के कुल साठ पेड़ विद्यालय वाटिका में तथा बाड़ा में कृषि भूमि, ठाकुरजी मन्दिर परिसर आदि जगहों पर लगायें गये हैं। इस कार्य में विद्याप्रकाश गिवारिया, मनीष नायक, मुकेश, घनश्याम, दुर्गादास स्वामी आदि ने सहयोग किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190

## सम्पादकीय

# जनसांख्यिकीय बदलाव



गृह मंत्री अमित शाह ने जनसांख्यिकीय परिवर्तन की जांच के लिए बनाई गई उच्चस्तरीय समिति के साथ बैठक कर जिस तरह उसे आवश्यक निर्देश दिए, उससे यही पता चलता है कि यह मामला केंद्र सरकार की प्राथमिकता सूची में है।

यह होना भी चाहिए, क्योंकि बीते कुछ दशकों में देश के कई सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ के चलते सामाजिक तानाबाना जिस तरह बदला है, वह किसी से छिपा नहीं। वैसे तो सबसे अधिक असामान्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर के राज्यों में हुआ है, लेकिन यह देश के अन्य राज्यों में भी देखा जा सकता है।

आखिर यह एक तथ्य है कि बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ से प्रभावित राज्यों में झारखंड और बिहार भी हैं। इसी तरह यह भी किसी से छिपा नहीं कि किस तरह रोहिंग्या घुसपैठिए हैदराबाद से लेकर जम्मू तक में जाकर बस गए हैं। रोहिंग्याओं का बंगाल या पूर्वोत्तर से घुसकर जम्मू, हैदराबाद जैसे शहरों में अपना ठिकाना बना लेना किसी सुनियोजित साजिश का हिस्सा ही जान पड़ता है।

यह एक तथ्य है कि बांग्लादेश से बंगाल, मेघालय, त्रिपुरा, असम आदि में घुसपैठ कराने वाले तत्व संगठित रूप से काम कर रहे हैं। इसी कारण घुसपैठिए आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र और उनके सहारे पासपोर्ट तक हासिल कर लेते हैं। बांग्लादेश से बंगाल और मेघालय के रास्ते आने वाले घुसपैठिए देश के हर हिस्से में फैल गए हैं।

असम में तो वे एक बड़ी समस्या बन गए हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण असम की जनसांख्यिकीय में जो बदलाव हुआ और यहां की स्थानीय संस्कृति के लिए जैसा खतरा पैदा हुआ, उसी कारण एनआरसी का सहारा लेना पड़ा। उचित यह होगा कि देशव्यापी स्तर पर एनआरसी हो। यह पता चलना ही चाहिए कि भारत में रहने वाले कितने लोग वैध हैं और कितने अवैध? इससे संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि यदा-कदा किन्हीं-किन्हीं राज्यों में घुसपैठियों की पकड़-धकड़ होती है, क्योंकि जब तक यह काम राष्ट्रव्यापी स्तर पर नहीं होगा, तब तक उन सबकी पहचान करना कठिन है। घुसपैठ केवल बांग्लादेश से ही नहीं होती। यह म्यांमार से भी होती है और मणिपुर के समस्याग्रस्त होने के कारणों में से एक कारण घुसपैठ भी है। सीमावर्ती क्षेत्रों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन के अस्वाभाविक कारणों और उसके प्रभाव का अध्ययन करने वाली समिति यह भी बताएगी कि इससे उत्पन्न चुनौतियों का समाधान कैसे किया जाए? चूंकि यह समिति सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर पड़ताल करेगी, इसलिए उसकी रिपोर्ट आने में समय लगेगा। उसकी रिपोर्ट आने तक यह तो सुनिश्चित किया ही जाए कि बांग्लादेश, म्यांमार आदि से होने वाली घुसपैठ थमे। नेपाल सीमा पर भी सतर्कता बरतने की आवश्यकता है।

## विशेष आलेख

# क्या दबाव में है भारतीय अर्थव्यवस्था?

## पी. चिदंबरम ने गिनाए खतरे, बताईं सरकार की कमजोरियां

देश की आर्थिक स्थिति मई, 2026 के आखिर तक काफी खराब थी। जून की शुरुआत में सरकारी गतिविधियों में हड़बड़ी नजर आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने एक अहम कदम उठाया- सरकारी बांड के लिए पूर्णतः सुलभ मार्ग (एफएआर) का दायरा बढ़ाया गया, ताकि विदेशी निवेशक नए 15-साल, 30-साल और 40-साल वाले सरकारी बांड में निवेश कर सकें।

इसके अलावा, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों पर लगी कई सीमाएं और पाबंदियां हटा दी गईं। साथ ही, सरकार ने एक अध्यादेश जारी करके विदेशी निवेशकों को बांड की बिक्री पर दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (12.5 फीसद) और स्रोत पर कर (20 फीसद ) से छूट दे दी। आरबीआइ ने बैंकों को 'हेजिंग' यानी जोखिम से बचने की लागत वहन करने के लिए उदार प्रस्ताव के साथ एफसीएनआर (बी) जमा आकर्षित करने की भी अनुमति दे दी।

### ये उपाय आजमाए और परखे हुए हैं। इनसे विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है:

**अनुमान है कि इससे विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के लिए 30-40 अरब अमेरिकी डालर या शायद इससे भी अधिक की राशि आएगी। इससे रुपए की गिरावट को रोका जा सकता है:**

रुपए में गिरावट प्रधानमंत्री के लिए एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था, जिन्होंने वर्ष 2014 में वादा किया था कि रुपया-डालर विनिमय दर को 40 रुपए पर नियंत्रित किया जाएगा (ठीक वैसे ही जैसे राजा कैन्यूट ज्वार को रुकने का आदेश दे रहे हों!)।

### दूसरा विकल्प नहीं

इन कदमों में जोखिम हैं। मगर हमें अभी जोखिमों पर ज्यादा सोचने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार और आरबीआइ के पास कोई दूसरा विकल्प नहीं था। कुछ न करने का जोखिम ज्यादा बड़ा था।

सरकार कई महीनों तक सच्चाई से इनकार करती रही, खासकर ट्रंप- शुल्क लागू होने, अमेरिका-इजराइल बनाम ईरान युद्ध, तेल की कीमतों में अचानक उछाल और आपूर्ति शृंखला बाधित होने के बाद से। विदेशी निवेशक भारत में निवेश करने से हिचकिचा रहे थे।

चालू खाता घाटा (सीएडी) हर महीने बढ़ रहा था और माना जा रहा है कि वर्ष 2025-26 का घाटा 25 अरब अमेरिकी डालर से ज्यादा पहुंच गया होगा। चिंता की बात यह भी है कि इस साल के लिए वस्तुओं के व्यापार घाटे का अनुमान 333 अरब अमेरिकी डालर है और सोने के आयात का अनुमान 72 अरब अमेरिकी डालर है। यानी हमें पता है कि असल समस्या कहां है।

शुद्ध विदेशी निवेश सिर्फ 6.9 अरब अमेरिकी डालर था, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और शेयर बाजार की संभावनाओं में विदेशी निवेशकों के भरोसे की कमी को दिखाता है। वर्ष 2025-26 के ज्यादातर महीनों में विदेशी निवेशक भारतीय इक्विटी बाजार में शुद्ध विक्रेता रहे, और मार्च 2026 में यह आंकड़ा 1,17,775 करोड़ रुपए के ऊंचे स्तर पर पहुंच गया।

स्थिर कीमतों पर सकल स्थायी पूंजी निर्माण (जीएफसीएफ) वर्ष 2022-23 से 32.3 फीसद पर ही अटका हुआ है। जीएफसीएफ सरकारी, घरेलू (रियल एस्टेट और निर्माण) और निजी क्षेत्र के बीच लगभग बराबर बंटा हुआ है। समझाने-बुझाने, मनाने, चेतावनी देने और निवेश सम्मेलनों के बावजूद निजी क्षेत्र निवेश बढ़ाने को तैयार नहीं है, खासकर विनिर्माण में। राजग के शासनकाल में कई वर्षों से स्थिर कीमतों पर जीवीए यानी सकल मूल्य संवर्धन (जीडीपी = जीवीए शुद्ध वस्तु कर) में विनिर्माण का हिस्सा 17 फीसद पर ही अटका हुआ है।



### मजबूत नहीं कमजोर

आरबीआइ के मासिक बुलेटिन और वित्त मंत्रालय की मासिक समीक्षाओं ने एक तरह की बेफिक्री पैदा कर दी थी। कई जानकार अर्थशास्त्रियों ने इस बात की ओर इशारा किया कि ये दोनों रिपोर्टें जरूरत से ज्यादा उम्मीद जगाने वाली थीं और इन्होंने असल स्थिति और संभावित खतरों को छिपा दिया। सरकार के प्रवक्ता लगातार 'मजबूती' शब्द का इस्तेमाल कर रहे थे, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि यह शब्द असल में 'कमजोरी' को छिपाने का एक आवरण था।

हो सकता है कि सरकार इन उपायों को ही पर्याप्त मान लें, लेकिन ऐसा किया गया तो यह एक बड़ी चूक होगी। 'इंडिया टुडे' की मार्या शकील को दिए एक साक्षात्कार में मुख्य आर्थिक सलाहकार अनंत नागेश्वरन ने सरकार की मौजूदा सोच के बारे में बताया। सोने के आयात पर पाबंदियां लगाने के सवाल पर उन्होंने सीधा जवाब देने से परहेज किया और कहा कि उन्हें इसके बारे में 'जानकारी नहीं' है।

वे मुख्य सलाहकार हैं, तो निश्चित रूप से इस विषय पर उनका अपना दृष्टिकोण होगा और उन्होंने अपनी सलाह भी दी होगी। जाहिर है, वे सार्वजनिक रूप से कुछ भी कहने से बच रहे हैं, क्योंकि उन्हें वर्ष 2013-14 में नरेंद्र मोदी के कहे शब्द याद हैं ('वित्त मंत्री आपका मंगलसूत्र चुरा रहे हैं'), जब तत्कालीन सरकार ने सोने के आयात पर कड़ी पाबंदियां लगाई थीं। मुझे डर है कि सरकार के पास सोने के आयात की रफ्तार को धीमा करने के अलावा कोई और चारा नहीं है।

### चुनौतियों को स्वीकारें

सरकार को यह मानना होगा कि घरेलू ऋण बढ़ा है (जीडीपी का 41 फीसद), जबकि घरेलू वित्तीय बचत कम हुई है (जीडीपी के छह फीसद से कम), और खर्च में गिरावट आई है (सिवाय उन कुछ लोगों के जो विलासिता की वस्तुएं खरीदते हैं)। सरकार को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों की ओर से 'उपलब्धियों' के बारे में बताए गए अपने फायदे वाले आंकड़ों पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

उसे लोगों के हाथों में अधिक पैसा पहुंचाने के उपाय करने होंगे। ऐसा करने के कई तरीके हैं: महंगाई के हिसाब से न्यूनतम मजदूरी बढ़ाना, खपत पर कर कम करना, दिखावटी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली ग्रेट निकोबार बंदरगाह एवं हवाई अड्डा जैसी परियोजनाओं को रद्द करना, शिक्षा के लिए कर्ज बढ़ाना, मनरेगा जैसी श्रम-प्रधान योजनाओं को फिर से शुरू करना और वर्ष 2025-26 के विपरीत, पीने के पानी, गांव की सड़कों, ग्रामीण विकास योजनाओं और शहरी आवास के लिए आबंटित धनराशि को पूरी तरह से खर्च करना।

केंद्र सरकार को स्वीकृत पदों पर रिक्तियों को भरना होगा और राज्यों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करना होगा- खासकर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों, चिकित्सकों, शिक्षकों, नर्सों, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में जवानों और रेलवे में कर्मचारियों के खाली पदों को भरना चाहिए, मध्य वर्ग और निम्न-मध्य वर्ग के युवाओं की उम्मीद इन्हीं नौकरियों से जुड़ी हुई है। सरकार के सामने ऐसे लक्ष्य हैं, जो लोगों में जोश और उम्मीद पैदा कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को अपनी ऊर्जा उन लक्ष्यों को हासिल करने में लगानी चाहिए, न कि समाज को बांटने वाले, ध्रुवीकरण करने वाले और बेकार के लक्ष्यों के पीछे अपना समय बर्बाद करना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेष**
घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे।

**वृष**
स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा।

**मिथुन**
आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं। विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क**
पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी। चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। पुराना रोग उभर सकता है।

**सिंह**
यात्रा सफल रहेगी। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**कन्या**
जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**तुला**
रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। विवाद न करें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक**
जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा।

**धनु**
विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**मकर**
संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा।

**कुंभ**
शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। राजकीय सहयोग मिलेगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा।

**मीन**
स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें। चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी पीने से मिलते हैं यह फायदे

खराब जीवनशैली और असंतुलित खानपान की वजह से आज के समय में मोटापे की समस्या, डायबिटीज और ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों से पीड़ित लोगों की संख्या बढ़ रही है। मोटापा कई तरह की बीमारियों का कारण भी माना जाता है। इन समस्याओं से बचने के लिए डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मोटापे को कम करने और डायबिटीज, ब्लड प्रेशर जैसी लाइफस्टाइल डिजीज के खतरे को कम करने के लिए डिटॉक्स ड्रिंक्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सिंफ और दालचीनी से बना पानी पीना बहुत फायदेमंद होता है। इस मिश्रण का सेवन करने से आपको एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों के साथ-साथ फाइबर, प्रोटीन, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम जैसे गुण पाए जाते हैं। इस ड्रिंक में विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा होती है, जो शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने में बहुत उपयोगी होती है।



**वजन कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी का पानी :** पाचन तंत्र को मजबूत बनाने, शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने और बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी से बने इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। इसका सेवन करने से आपको गैस्ट्रिक समस्याओं से मुक्ति मिलती है और शरीर का चयापचय भी दुरुस्त रहता है।

### जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के फायदे

- इस डिटॉक्स ड्रिंक में फाइबर, आयरन और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से आपके शरीर में कमजोरी या पोषक तत्वों की कमी नहीं होती है और वजन तेजी से कम होता है।
- जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन करने से आपको बार-बार भूख नहीं लगती है और आप संतुलित मात्रा में भोजन कर पाते हैं। इसका सुबह के समय सेवन करने से वजन कम करने में फायदा मिलेगा।
- पेट से जुड़ी परेशानियां जैसे अपच और कब्ज की समस्या या पेट में गैस बनने की समस्या में भी जीरा, अजवाइन, सौंफ और दालचीनी के पानी का सेवन फायदेमंद होता है।
- शरीर में ब्लड शुगर के स्तर को कंट्रोल में रखने के लिए भी इस ड्रिंक का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। डायबिटीज के मरीज वजन कम करने के लिए इस ड्रिंक का रोजाना सेवन कर सकते हैं।

# बालों में सरसों का तेल और दही मिलाकर लगाने से दूर होंगी आपकी यह समस्याएं

प्राचीन काल से ही बालों में सरसों तेल लगाना बहुत फायदेमंद माना जाता है। यही कारण है कि हमारी मम्मी, दादी-नानी बचपन में सरसों के तेल से सिर की मालिश किया करती थीं। बालों की कई समस्याओं को दूर करने के लिए सरसों का तेल एक रामबाण उपाय है। यह हेल्दी फैट्स जैसे मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड, पॉलीअनसेचुरेटेड फैटी एसिड, और ओमेगा-3, 6 के साथ ही एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है। वहीं दही का सेवन तो हम सभी करते हैं, यह एक बेहतरीन प्रोबायोटिक है जो आपके पेट को हेल्दी रखने में मदद करता है। लेकिन बालों के लिए दही बहुत फायदेमंद होती है। कैल्शियम, प्रोटीन, आयरन जैसी जरूरी पोषक तत्वों के साथ दही के बैक्टीरियल गुण इसे बालों के लिए लाभकारी है बनाते हैं। जब आप सरसों के तेल में दही मिलाकर बालों में लगाते हैं और इससे स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश करते हैं, तो यह बालों की लगभग सभी समस्याओं को दूर करने और आपको मजबूत, घने और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।



**डैंड्रफ का है रामबाण इलाज :** सरसों तेल और दही का मिश्रण बालों में लगाने से बालों और स्कैल्प को पोषण मिलता है। इससे स्कैल्प मॉइश्चराइज होता है और नमी बनी रहती है। यह स्कैल्प पर जमा हानिकारक बैक्टीरिया को भी साफ करता है और डैंड्रफ का सफाया करता है।

**बाल बनाए मजबूत :** बालों का झड़ना कम करने और रोकने में सरसों तेल और दही का मिश्रण बहुत लाभकारी है। यह आपको मजबूत और घने बाल पाने में मदद करता है।

**ड्राई हेयर की समस्या करे दूर :** सरसों का तेल और दही बालों में लगाने से बालों को पोषण मिलता है, यह बालों में नमी को लॉक करता है और उन्हें काला बनाता है। यह दो मुहे बाल, ड्राई और फ्रिजी हेयर की समस्या को दूर करने को मुलायम और शाइनी बाल पाने में मदद करता है।

**बालों के विकास को दे बढ़ावा :** बालों का विकास रुकना या बहुत कम होने की समस्या को दूर ने में यह कॉम्बिनेशन बहुत लाभकारी है। यह आपके बालों, स्कैल्प और रोमछिद्रों को पोषण प्रदान करता है और बालों के तेजी से विकास में मदद करता है।

**खुजली से दिलाए राहत :** स्कैल्प पर जमा गंदगी और हानिकारक बैक्टीरिया के कारण सिर में खुजली होती है और बाल झड़ते हैं। सरसों का तेल और दही बालों में लगाने से स्कैल्प में खुजली और सोरायसिस जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है, क्योंकि यह स्कैल्प की गहराई से सफाई करता है, जिससे यह हानिकारक बैक्टीरिया और गंदगी का सफाया करता है।

# खजूर से बना गुड़ सेहत के लिए होता है बहुत फायदेमंद

खजूर का गुड़ सेहत के लिए काफी फायदेमंद होता है। इसको खाने से शरीर स्वस्थ रहता है। गन्ने से गुड़ बनने के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा। लेकिन खजूर से बनने वाला गुड़ भी शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर का गुड़ कई पोषक तत्वों से भरपूर होता हैं। इसे खाने से शरीर को गर्माहट मिलती है। खजूर के गुड़ में प्रोटीन, आयरन, फाइबर और विटमिन बी1 आदि पाया जाता हैं। इसे खाने से शरीर में आयरन की कमी नहीं होती। खजूर का गुड़ खजूर के रस से तैयार किया जाता है। इसे नियमित खाने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है।

**सर्दी जुकाम से राहत देता है :** खजूर का गुड़ सर्दी जुकाम से राहत देने में मदद करता है। ये गुड़ मौसमी बीमारियों से भी शरीर की रक्षा करता है। खजूर गुड़ की तासीर गर्म होती है इसलिए ये शरीर में गर्माहट पहुंचाकर सर्दी जुकाम को ठीक करता है। खजूर का गुड़ सीने में जमा कफ से भी राहत देता है। खजूर के गुड़ का काढा बनाकर पिया जा सकता है।

**डायबिटीज :** डायबिटीज के मरीजों का हर चीज बड़ी सोच समझकर खानी पड़ती है। डायबिटीज के मरीजों को अपनी डाइट का काफी ख्याल रखना पड़ता है। ऐसे में खजूर का गुड़ डायबिटीज के मरीज आसानी से खा सकते है। लेकिन ध्यान दें डायबिटीज के मरीज इसका सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**थकान दूर करने में मददगार :** खजूर का गुड़ थकान को दूर करता है। अगर आप थका महसूस कर रहे है, तो एक टुकड़ा खजूर के गुड़ का खाएं। इसे आपकी थकान दूर होने में मदद मिलेगी। खजूर का गुड़ शरीर को इस्टेंट एनर्जी देने में मदद करता है। खजूर का गुड़ खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये आपके मूड को भी फ्रेश रखने में मदद करता है।



**पाचन तंत्र को रखें मजबूत :** खजूर का गुड़ पाचन तंत्र को मजबूत बनाने में मदद करता है। इसके सेवन से पेट से जुड़ी कई समस्याएं कम होती हैं। खाने के बाद खजूर का गुड़ खाने से खाना ठीक से पचता है। अगर आपके पेट में गैस बनती है, तो ऐसे में खजूर के गुड़ का नियमित सेवन करें।

### मुंहासों की समस्या को करें दूर

खजूर का गुड़ शरीर की कई परेशानियों को दूर करके बॉडी को हेल्दी रखने में मदद करता है। खजूर के गुड़ को नियमित खाने से मुंहासों की समस्या दूर होती है। खजूर का गुड़ शरीर के टॉक्सिक पदार्थों के बाहर निकालने में मदद करता हैं। नियमित इसको खाने से त्वचा ग्लोइंग बनती है।

# ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर साइबर ठगी का भंडाफोड़, गिरोह के तीन शातिर ठग गिरफ्तार





निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** रामनगरिया थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित सोशल मीडिया और ऑनलाइन पोर्टलों के माध्यम से युवाओं को घर बैठे मोटी कमाई का लालच देकर अपने जाल में फंसाते थे और गेम में जीतने वाले खिलाड़ियों की आईडी ब्लॉक कर उनकी रकम हड़प लेते थे। इस कार्रवाई में पुलिस ने साइबर फ्रॉड में प्रयुक्त लैपटॉप, टैबलेट, मोबाइल फोन, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड, चेक बुक और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए हैं। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि रामनगरिया थाना पुलिस ने ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह के शातिर ठग सुरेश कुमार 24 निवासी धोलीपाल जिला हनुमानगढ़, संजय उर्फ संजू 24 निवासी रोझां जिला श्रीगंगानगर तथा जगदीश राम 35 निवासी रावतका जिला झुंझुनू को गिरफ्तार किया है। वहीं जांच के दौरान हरफूल यादव, राजेंद्र कुमार रुलानियां और विजेंद्र कुमार नामक आरोपितों की भूमिका भी सामने आई है। जिनकी संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक लैपटॉप, एक टैबलेट, पांच एंड्रॉयड मोबाइल फोन, आठ सिम कार्ड, पांच डेबिट कार्ड, दो चेक बुक, बैंक खातों की जानकारी वाले दस्तावेज, हिसाब-किताब से जुड़े रजिस्टर तथा एक वाई-फाई राउटर जब्त किया है। रामनगरिया थानाधिकारी चन्द्रभान ने बताया कि तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने जगतपुरा स्थित चन्द्र विला रेजीडेंसी में दबिश देकर आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं को ऑनलाइन गेमिंग आईडी से मोटी कमाई का लालच देते थे। इसके बाद उन्हें विभिन्न वेबसाइटों और पोर्टलों पर जोड़कर रुपए के बदले डिजिटल कॉइन उपलब्ध कराए जाते थे और गेम खेलने के लिए प्रेरित किया जाता था। ऑनलाइन गेमिंग के दौरान हारने वाले खिलाड़ियों की रकम गिरोह के पास चली जाती थी, जबकि यदि कोई खिलाड़ी जीत जाता था तो उसकी गेमिंग आईडी ब्लॉक कर दी जाती थी और जीती हुई राशि का भुगतान नहीं किया जाता था। इस तरह आरोपी जीतने और हारने वाले दोनों प्रकार के खिलाड़ियों से ठगी कर रहे थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी अपनी पहचान छिपाने के लिए अलग-अलग लोगों के नाम से जारी सिम कार्ड और बैंक खातों का उपयोग करते थे। इन खातों के माध्यम से लेन.देन कर साइबर ठगी की रकम को इधर-उधर किया जाता था। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह गिरोह राजस्थान के अलावा अन्य राज्यों में भी सक्रिय था। पुलिस पूरे नेटवर्क, बैंक खातों, फर्जी सिम कार्डों और अन्य सहयोगियों की भूमिका की जांच कर रही है। पुलिस का मानना है कि पूछताछ में साइबर ठगी के कई और मामलों का खुलासा हो सकता है।

## तिवाड़ी बने एबीवीपी जिला अध्यक्ष



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जयपुर प्रांत का प्रांत अभ्यास वर्ग सनराइज यूनिवर्सिटी में आयोजित हुआ। जिसमें प्रांत अध्यक्ष डॉ जिनेश जैन ने घोषणा सत्र में जिलों की घोषणा करते हुए बजावा निवासी नितेश तिवाड़ी को एबीवीपी झुन्झुनू जिले का जिला अध्यक्ष बनाया है। तिवाड़ी पूर्व में प्रांत सोशल मीडिया संयोजक सह संयोजक, एसएफडी संयोजक, एसएफएस संयोजक, जिला कार्यालय मंत्री, नगर मंत्री एवं कॉलेज इकाई अध्यक्ष जैसे विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं।

## विशेष अभियान के तहत 60 हजार मूल्य के 4 मोबाइल बरामद कर मालिकों को लौटाए



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर पुलिस ने आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत राजलदेसर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चोरी एवं गुम हुए करीब 60 हजार रुपये मूल्य के 4 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए। पुलिस के अनुसार साइबर सेल एवं सीईआईआर पोर्टल की सहायता से गुमशुदा और चोरी हुए मोबाइल फोनों को ट्रेस कर सफलतापूर्वक बरामद किया गया। रविवार को पुलिस थाना परिसर में पुलिसकर्मी विद्याधर एवं संदीप ने मोबाइल मालिकों को उनके फोन सौंपे। लंबे समय से अपने मोबाइल वापस मिलने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को जब उनके फोन लौटाए गए तो उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिकों ने राजलदेसर पुलिस के प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। थानाधिकारी सुरेन्द्र बारुपाल ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पीड़ित परिवादियों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि कई बार लोगों की मेहनत की कमाई से खरीदे गए मोबाइल फोन चोरी हो जाते हैं या कहीं गुम हो जाते हैं, जिससे विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार साइबर तकनीक और आधुनिक संसाधनों का उपयोग करते हुए मोबाइल फोनों को ट्रेस कर बरामद किया गया। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें तथा सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल बरामद किया जा सके।

## स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** गोपीनाथ मंदिर चौक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया गया। विधायक विक्रम सिंह जाखल, ओबीसी आयोग राजस्थान सदस्य एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष झुंझुनू पवन मांवडिया, मनीष शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल शर्मा, समाजसेवी रामकुमार सैनी बतौर अथिति मंचस्थ मौजूद रहे। कार्यकर्ताओ की ओर से अतिथियों का माल्यर्पण एवं साफा पहनाकर सम्मान किया गया। अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं ने सफाई कर अभियान की शुरुआत की। विधायक विक्रम सिंह जाखल ने आमजन को अपने आस पास के क्षेत्र को साफएवं स्वच्छ रहने की अपील की । इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष डूमरा नरेन्द्र पूनिया, धीर सिंह मांडासी, हेमन्त सिंह, मो. आरीफ, गोविन्द शर्मा, सत्यवीर धाभाई, सतपाल सिंह, राकेश गुर्जर, अजय सैनी, आबिद रंगरेज, महेश जादम, महेश पासोरिया, आरिफ व्यापारी, सुभाष शर्मा, सुरेन्द्र पोरवाल, प्रकाश जांगिड़, खोखर सलीम, वसीम कुरैशी, गोविन्द शर्मा, राजकुमार भार्गव, अरसद खान, सुमित जग्रवाल, मुरारीलाल मुरारका, योगगुरु संपत शर्मा, चंद्रप्रकाश सैन, अरविंद बील, महेन्द्र चेजारा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विश्व रक्तदाता दिवस पर 181 यूनिट रक्तदान हुआ




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में उपजिला अस्पताल तारानगर में स्वर्गीय डॉ सुनील जांदू की मानवसेवा मुहिम को आगे बढ़ाते हुए नेक सोच फाउंडेशन द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 181 यूनिट रक्त का संग्रह किया गया। इस अवसर पर जरूरतमंद मरीजों को पूरे भारत में एक क्लिक पर रक्तदाताओं की सहायता उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से नेक सोच फाउंडेशन की वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। वेबसाइट का लोकार्पण आनंदगिरि महाराज, तहसीलदार भादरा धर्मेंद्र जांदू, एएसआई सुमेर मीणा, डॉ विजयपाल कड़वासरा, नरेंद्र सांगवान गगोर एवं मानसिंह साहू ने संयुक्त रूप से किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य चूरू की भरतीया ब्लड बैंक एवं संजीवनी ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में युवा रक्तदाता दूर-दूर से पहुंचकर रक्तदान में सहभागी बने। फाउंडेशन के संस्थापक हनुमान सामोता ने सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में वेबसाइट पर पंजीकरण करें ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके और देशभर में सेवा का यह अभियान निरंतर आगे बढ़ता रहे। इस अवसर पर राजाराम गोदारा, हरिराम सैनी, एनआरआई सतीश बुंदेला, बेगराज सैनी, कृष्ण मुंड, सुभाष कसवां, बजरंग शर्मा, श्रवण गड़ाना, दीपाराम कोच, सुनील शर्मा, चिंतित शर्मा, कुंदन सैनी, बलवान सिंह, सौरभ सैनी, गुरदीप बुंदेला, कृष्ण कसवां, शंकर सैनी, संदीप नेहरा, विकास सीलू, सोनू बेनीवाल सहित नेक सोच फाउंडेशन के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## 376 ट्रोमाडोल कैप्सूल के साथ युवक गिरफ्तार



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण जिले की अमरसर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 376 प्रतिबंधित ट्रोमाडोल कैप्सूल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से नशीली दवाओं के साथ तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। बरामद कैप्सूल का कुल वजन 188 ग्राम बताया गया है। पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण हनुमान प्रसाद ने बताया कि अमरसर थाना पुलिस ने नशे के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 376 प्रतिबंधित ट्रोमाडोल कैप्सूल के साथ दिनेश कुमार उर्फधोलू 20 निवासी अमरसर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी कमल सिंह के नेतृत्व में अमरसर थाना पुलिस और जिला विशेष टीम डीएसटी की ओर से क्षेत्र में गश्त एवं निगरानी कर रही थी। इसी दौरान बस स्टैंड धवली स्थित सरकारी स्कूल के आगे एक संदिग्ध बाइक सवार दिखाई दिया। पुलिस को देखकर उसकी गतिविधियां संदिग्ध लगीं, जिस पर उसे रोककर पूछताछ और तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के पास से 376 ट्रोमाडोल कैप्सूल बरामद हुए। पुलिस द्वारा लाइसेंस अथवा वैध दस्तावेज मांगने पर वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके बाद पुलिस ने कैप्सूल और तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सहित आरोपी दिनेश कुमार उर्फधोलू को गिरफ्तार कर लिया। अब बरामद नशीली दवाओं के स्रोत, सप्लाई चैन और इससे जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुटे हैं। इस कार्रवाई में डीएसटी के सहायक उप निरीक्षक सत्येंद्र सिंह, रामनिवास सहित थाना पुलिस और जिला विशेष टीम के जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# सरकार की अनदेखी पर नर्सेज में रोष

### महिला चिकित्सालय में नर्सिंग कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान नर्सेज संयुक्त संघर्ष समिति के नेतृत्व में मृतक संविदा नर्स दीपक के आश्रितों को मुआवजा एवं सरकारी नौकरी देने तथा प्रदेशभर में वर्षों से संविदा पर कार्यरत करीब 2000 नर्सेज को पुनः सेवा में बहाल करने की मांग को लेकर नर्सेज का आंदोलन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। आंदोलनरत नर्सेज ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार पर धरना देकर सरकार के खिलाफविरोध जताया। संघर्ष समिति के अनुसार सरकार की ओर से मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं किए जाने से नर्सिंग कर्मियों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में महिला चिकित्सालय, सांगानेरी गेट के नियमित एवं संविदा नर्सेज ने रविवार सुबह 8 से 10 बजे तक जोरदार नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व चिकित्सालय संयोजक सुमन बबाल, सुशीला चौधरी, दीपक मीणा, मालती शर्मा, सरोज यादव एवं परमिंदर कौर ने किया। प्रदेश संयोजक पुरुषोत्तम कुम्भज ने बताया कि आंदोलन के अगले चरण में सोमवार को जनाना चिकित्सालय, चांदपोल के नर्सेज भी प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सुबह 8 बजे से संयोजक देवेंद्र पंत, विनीता शेखावत, राकेश यादव एवं रमेश सैनी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। इधर संघर्ष समिति के संयोजक पवन मीणा, विनीता शेखावत एवं गुड्डी सैनी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मृतक नर्स दीपक के पैतृक गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने दिवंगत नर्स को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी। समिति ने मृतक की पत्नी एवं बच्चों को नर्सेज परिवार की ओर से शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा भी की। रविवार को हुए प्रदर्शन में प्रांतीय संघर्ष संयोजक राजेंद्र राणा, जेपी कस्वा, प्रदीप निम्रोट, केके यादव, महिपाल सामोता, समोल चौधरी, सोम सिंह मीणा, कैलाश शर्मा, आशीष भारद्वाज, सुनील शर्मा, हरिसिंह भाटी, अनूप यादव, विमल शर्मा, मनोज मीणा सहित बड़ी संख्या में नर्सिंगकर्मी एवं संघर्ष समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। संघर्ष समिति ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

## चूरू-हनुमानगढ़ संभाग की कार्ययोजना बैठक आयोजित

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय श्री स्वरूप राजपूत छात्रावास में चूरू-हनुमानगढ़ संभाग की कार्ययोजना बैठक क्षत्रिय युवक संघ के केन्द्रीय कार्यकारी गजेन्द्रसिंह आहू के सानिध्य में हुई। बैठक में संघ की आगामी गतिविधियों, शिविर, शाखा, संघ शक्ति पथ प्रेरक ग्राहक, जयंती, पुण्यतिथि आदि पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर गजेन्द्रसिंह आहू ने स्वयंसेवकों से संगठन के मूल्यों एवं उद्देश्यों को समाज तक पहुंचाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। बैठक में चूरू-हनुमानगढ़ संभाग के संभाग प्रमुख राजेन्द्र सिंह आलसर के द्वारा आगामी समय में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदारियां निर्धारित की गई। बैठक में उपस्थित स्वंयसेवकों ने संघ को मजबूत बनाने और पूज्य तनसिंह के विचार को घर घर तक पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। बैठक में संघ के वरिष्ठ स्वंय सेवक सुमेर सिंह गुढ़ा, करणी सिंह राजियासर, भगवान सिंह नुवा, मान सिंह पाबूसर, मोहन सिंह फ्रांसा, महेंद्र सिंह परसनेऊ, किशन सिंह गौरीसर, गिरवर सिंह जलेऊ, नरेन्द्र सिंह तोगावास, राजवीर सिंह कवलासर, दरपाल सिंह गाजूसर, जीवराज सिंह भूकरका, गजेन्द्र सिंह राणासर, देवेन्द्र सिंह सहनाली, प्रदीप सिंह लुनासर, भवानी सिंह ठठावता, भवानी सिंह जालेऊ, इंद्रजीत सिंह गुढा आदि उपस्थित थे।

## बच्चों ने किया नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** पिंकसिटी प्रेस क्लब के समर कैंप में रविवार सुबह बच्चों को प्राकृतिक सौंदर्य के साथ नाहरगढ़ जैविक उद्यान का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जैविक उद्यान के वनपाल राजाराम मीणा ने बच्चों को वनस्पति और वन्य जीवों के सामंजस्य एवं विचरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्राकृतिक सरंचना के साथ पेड़-पौधे एवं पशु पक्षियों के लाभों एवं उनकी सुरक्षा के बारें में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति एवं पशु, पक्षियों के प्रति प्रेम व्यवहार रखना चाहिए, क्रूरता नहीं करनी चाहिए। सहायक वन संरक्षक देवेन्द्र सिंह राठौड़, क्षेत्रिय वन अधिकारी नाहरगढ़ जैविक उद्यान शुभम शर्मा ने क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव राजकुमार शर्मा को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। क्लब पदाधिकारियों ने सभी का आभार व्यक्त किया।

बच्चों ने पार्क में मौज-मस्ती करते हुए लायन, पैंथर, भालू, लोमड़ी, हॉग हरिण, दरयाई घोड़ा, चौसिंघा, जगंली बिल्ली, सांभर, चिंकारा, चीतल, मगमच्छ, घड़ियाल, हरिन, एमू सहित अनेक वन्य जीवों को करीब से देखा। वन विभाग की टीम ने वन्य जीवों के जीवनकाल, वेट, हाइट, फेस एवं रहन सहन की प्रकृति के बारें में बारिकी से जानकारी ली। बच्चों को इस दौरान चिल्ड्रन पार्क का भ्रमण करवाया। बच्चे प्रकृति से जुड़कर बहुत प्रसन्नचित नजर आए। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह राजावत, शिविर संयोजक अनिता शर्मा, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, विमल सिंह तंवर, ईश्वर बैरागी, महेन्द्र सैनी, दीपक सैनी, कमलेश श्रीमाल, पंकज शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार परिवार सहित थे।

## अन्नपूर्णा रसोई में पुत्री का जन्मदिन सेवा कार्य के साथ मनाया



निसं

**मंडावा ( नवयत्न )।** नगर पालिका मंडावा द्वारा संचालित अन्नपूर्णा रसोई में रविवार को नगर पालिका मंडावा में कार्यरत वरिष्ठ प्रारूपकार आनंद सोलंकी की पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा कार्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडावा की दोनों अन्नपूर्णा रसोइयों में कुल 311 कूपन कटवाकर सुबह एवं शाम भोजन की व्यवस्था करवाई गई। जन्मदिन के उपलक्ष्य में भोजन के साथ खीर एवं जलेबी भी विशेष रूप से परोसी गई, जिसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने लिया। आनंद सोलंकी ने बताया कि अपनी पुत्री के जन्मदिन को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए लोगों को भोजन करवाने का निर्णय लिया गया ताकि इस विशेष दिन की खुशी समाज के साथ साझा की जा सके और जरूरतमंदों तक सेवा का संदेश पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने बालिका को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना देखने को मिली। अन्नपूर्णा रसोई में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम की उपस्थित लोगों ने सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे अवसरों पर सेवा कार्य करना समाज के लिए प्रेरणादायक पहल है। सामाजिक उत्तरदायित्व और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा यह आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## मूर्तियां लगाने की मांग को लेकर धरना जारी



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।**

गांधी चौक स्थित पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचन्द्र मिश्र, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया की मूर्तियां लगाये जाने की मांग को लेकर लगातार धरना जारी है। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में रविवार को धरने पर शंकरलाल लाखन, मंगतू गौरी, अजीज खान, तरूण सियोता, समित पंडित, युसूफ, खुशी मोहम्मद, चैनाराम, एडवोकेट सलीम खान गाजी, बजरंगलाल पारीक, लालचंद, कैलाश गुर्जर, विक्रम पंवार, सलीम बहलीम, उमरदीन, सोहिल गोपालपुरिया, नवाब तैली, शंकर जाट आदि ने शिरकत की। ज्ञात रहे कि लगातार 43 दिनों से धरना जारी है।

## 180 क्विंटल गेहूं से लदे ट्रक को शांतिकुंज के लिए किया रवाना

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** श्रीमाधोपुर एवं रींगस के धर्म प्रेमी श्रद्धालु एवं गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं के सहयोग से एकत्रित 180 क्विंटल गेहूं मां भगवती भोजनालय शांतिकुंज हरिद्वार के लिए श्रीमाधोपुर के वरिष्ठ परिजन महेंद्र मोहन पारीक के नेतृत्व में शांतिकुंज से आए ट्रक को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। गायत्री शक्तिपीठ के ट्रस्टी विनोद भारद्वाज ने बताया कि इस मौके पर श्रीमाधोपुर एवं रींगस शहर के गायत्री परिवार के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वजन घटाने के लिए कीवी का इन तरीकों से करें सेवन, आपको मिलेगा भरपूर फायदा

शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए हम में से कई लोग काफी ज्यादा मेहनत करते हैं। इसके लिए सही डाइट के साथ-साथ एक्सरसाइज करने की भी सलाह दी जाती है। इसके साथ ही वजन कम करने के लिए आपको कई ऐसी चीजें खाने के लिए कहा जाता है, जो सेहत के लिए कई मायनों में हेल्दी होता है। इन्हीं में से कीवी भी एक है। कीवी एक ऐसा फल है, जिसके सेवन से आप अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल कर सकते हैं। साथ ही यह आपको कई तरह की बीमारियों से बचाव कर सकता है।

### कीवी स्मूदी

वजन को घटाने के लिए कीवी का स्मूदी बनाया जा सकता है। इसका सेवन करने के लिए 1 से 2 ताजे कीवी को छील लें। अब इसमें दही, बादाम और शहद की कुछ बूंदें डाल लें। सभी चीजों को अच्छे से ग्राइंडर में पीसकर स्मूदी तैयार कर लें। इस स्मूदी का सेवन करने से आपका पेट लंबे समय तक भरा रहेगा। इससे शरीर के बढ़ते वजन से छुटकारा मिल सकता है।

### सलाद प्लेटर


कीवी का सेवन आप सलाद प्लेटर के साथ भी कर सकते हैं। इसके लिए आप सभी सलाद के आइटम के साथ कीवी को भी शामिल करें। यह विटामिन सी से भरपूर होता है। साथ ही एंटीऑक्सीडेंट का भी अच्छा स्त्रोत होता है, जो वजन को घटाने में असरदार है।

### कीवी ड्रिंक

कीवी को छीलकर अच्छे से काट लें। इसके बाद 1 मध्यम आकार का खीरा भी काट लें। दोनों सामाग्री



को ग्राइंडर में डालें। इसके बाद तैयार पेस्ट में थोड़ा सा पानी डालकर एक गिलास में रखें। ऊपर से इसमें धनियां पाउडर डाल लें। इस ड्रिंक को आप सुबह-शाम पिएं। इससे शरीर के बढ़ते वजन को छुटकारा मिलेगा।



### कीवी पालक जूस

कीवी और पालक का मिश्रण शरीर के बढ़ते वजन को कंट्रोल करता है। साथ ही यह शरीर को कई पोषक तत्व भी प्रदान कर सकता है। इस जूस को तैयार करने के लिए 2 कीवी लें। अब इसे अच्छे से छीलकर काट लें। इसके बाद इसमें 100 ग्राम करीब पालक के पत्ते डालकर अच्छे से ग्राइंड कर लें। अब इसमें थोड़ा पानी मिक्स करें। इसके बाद एक गिलास में डालें। आप चाहें, तो ऊपर से थोड़ा शहद और फ्लैक्स सीड्स एड कर सकते हैं। इसके बाद इसे पिएं। इससे शरीर का वजन तेजी से घटेगा।

# शिशुओं के आंख, नाक और कान की सफाई का ये है सही तरीका

छोटे बच्चों के नाजुक अंगों की सफाई करना काफी चुनौतीपूर्ण होता है। बच्चे की स्किन बहुत नाजुक और मुलायम होती है। इसलिए पेरेंट्स को उनके कोमल अंगों जैसे आंख, नाक और कानों को साफ करते हुए काफी सावधानी बरतनी चाहिए। साथ ही आपको बच्चे को किसी नहलाते या स्किन पर तेल लगाते समय भी इन बातों का खास ध्यान रखना चाहिए कि उन्हें किसी भी तरह से नुकसान न हो और साथ ही एक रूटीन के मुताबिक आप उनकी त्वचा को साफ करें। इससे बच्चे की स्किन पपड़ीदार और बेजान नजर नहीं आती है। साथ ही नाजुक हिस्सों की सफाई से छोटे बच्चों को किसी तरह की परेशानी नहीं होती है। वरना तेल या क्रीम लगाने से उनके शरीर और अंगों पर धूल या प्रदूषण चिपक जाने की अधिक संभावना रहती है और कई बार ये अधिक बड़ी समस्या बन सकती है। जो बच्चे के लिए परेशानी का कारण बन सकती है।



### बच्चे के आंख साफ करने के टिप्स

- अगर सुबह सोकर उठने के बाद बच्चे की आंखें चिपक जाती है, तो इसके लिए आप कॉटन बॉल्स को पानी में भिगोकर धीरे-धीरे उनकी आंखों को साफ करें। इससे उन्हें आराम भी मिलता है।
- रूटीन सफाई करने के लिए भी आप शिशु की दोनों आंखों के लिए फ्रेश कॉटन बॉल का इस्तेमाल करें। इससे आंखों में अगर कुछ धूल या कण भी चले गए होंगे, तो वे आसानी से निकल सकते हैं।
- कई बार हम बच्चे की आंखें साफ करते समय कोने को अच्छे से साफ नहीं करते हैं, जिससे परेशानी हो सकती है।

### बच्चे के कान साफ करने के टिप्स

- शिशु के दोनों कानों के पीछे और कान के बाहरी हिस्से को अच्छे से साफ करें। कई बार बच्चे के कान में खुजली इसी वजह से होती है क्योंकि उनके कानों की सफाई अच्छे से नहीं की जाती है।
- छोटे बच्चे के कानों में कुछ भी न डालें। किसी भी तरह की दवाई डालने से पहले भी डॉक्टर की सलाह जरूर लें।
- बाहरी कान से ईयर वैक्स को साफ करने के लिए भी डॉक्टर के परामर्श का सहारा लें क्योंकि खुद से अगर आप ईयर वैक्स साफ करते हैं, तो हो सकता है इससे बच्चे के कान के परदे या अन्य हिस्सों पर असर पड़ सकता है।
- बच्चे के कान साफ करने के लिए कभी ईयरबड्स का इस्तेमाल न करें।

### बच्चे के नाक साफ करने के टिप्स

- बच्चे की स्किन साबुन या फेसवॉश को लेकर काफी संवेदनशील हो सकती है इसलिए बच्चे की नाक को हमेशा सादे पानी से साफ करने की कोशिश करें।
- शिशु को अगर सर्दी-जुकाम है, तो नाक की गंदगी साफ करने के लिए वॉशक्लॉथ के कोने से पोंछकर साफ करें।
- छोटे बच्चे के नाक में किसी भी तरह की चीज बिना डॉक्टरी सलाह के न डालें। इससे उनके अंदरूनी हिस्सों को नुकसान हो सकता है।
- अगर बच्चा नाक साफ करते समय परेशान हो रहा हो, तो उनसे बात करें या कोई गाना सुनाने की कोशिश करें।
- इसके अलावा उनके साथ कभी जबरदस्ती करने की कोशिश न करें। इससे चोट लग सकती है।

# अंजीर से बढ़ाएं स्किन की खूबसूरती, इन तरीकों से करें आप इस्तेमाल

अंजीर स्वास्थ्य के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है। यह वजन घटाने से लेकर शरीर में खून की कमी को दूर कर सकता है। इसके अलावा अंजीर का इस्तेमाल आप स्किन और बालों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए भी कर सकते हैं। अंजीर में मौजूद गुण स्किन पर निखार आ सकते हैं। स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए आप नियमित रूप से भीगे अंजीर का सेवन कर सकते हैं। इसके अलावा स्किन की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए अंजीर का इस्तेमाल कई अन्य तरीकों से भी किया जा सकता है।

**मुंहासों की परेशानी के लिए अंजीर :** एक्ने की परेशानी को दूर करने के लिए अंजीर का इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके लिए 2 से 3 अंजीर को रातभर पानी में भिगोकर छोड़ दें। इसके बाद इसे सुबह अच्छे से मैश कर लें। मैश किए गए अंजीर में 1 चम्मच शहद मिलाएं। इसके बाद इस तैयार पेस्ट को अपने चेहरे पर अच्छे से लगाएं। करीब 15 से 20 मिनट के लिए इसे छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से अपना चेहरा धो लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इस तरह अंजीर का मास्क लगाने से एक्ने की समस्या दूर हो सकती है।

**अंजीर से स्किन होगा एक्सफोलिएट :** अंजीर की



मदद से आपकी स्किन एक्सफोलिट हो सकती है। इसके लिए अंजीर को रातभर भिगोकर छोड़ दें। अगले दिन सुबह अंजीर को अच्छे से मैश कर लें। अब इसमें थोड़ी सी चीनी और नींबू मिक्स करें। इसके बाद इसे अपने चेहरे और बॉडी पर लगाकर स्क्रब करें। इससे आपकी स्किन एक्सफोलिएट होगी। यह स्किन पर मौजूद डेड सेल्स को हटाने में प्रभावी होता है। साथ ही इससे स्किन पर निखार भी आएगा।

**दाग-धब्बों के लिए अंजीर :** स्किन पर मौजूद दाग-धब्बों की परेशानी को दूर करने के लिए अंजीर का इस्तेमाल करें। यह आपकी स्किन को डोंड कर सकता है। साथ ही गहराई से दाग-धब्बों को मिटाने में असरदार है। इसका इस्तेमाल करने के लिए 1 बड़ा चम्मच अंजीर का पेस्ट लें। अब इसमें थोड़ी सी दही और शहद मिक्स करें। इसके बाद इस मास्क को अपने चेहरे पर लगाएं।

# सदाबहार के फूलों का काढ़ा पीने से सेहत को मिलते हैं ये अनोखे फायदे, बनाने और पीने का तरीका

सदाबहार के फूलों के फायदे सेहत के लिए अनेकों हैं। आयुर्वेद में सदाबहार को एक संजीवनी औषधि माना गया है। इसका इस्तेमाल कई बीमारियों और समस्याओं को दूर करने के लिए प्राचीन समय से ही किया जा रहा है। सदाबहार की पत्तियों का इस्तेमाल ब्लड शुगर कंट्रोल करने के लिए बहुत फायदेमंद होता है। सदाबहार के फूलों में मौजूद औषधीय गुण डायबिटीज, मोटापा और ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या को बहुत तेजी से दूर करने में फायदेमंद होते हैं। सदाबहार को एवर ब्लूमिंग ब्लॉसम के नाम से भी जाना जाता है। आधुनिक चिकित्सा में भी इसका इस्तेमाल कई तरह की दवाओं को बनाने में किया जाता है। गले में खराश और फेफड़ों से जुड़ी समस्या को कम करने के लिए सदाबहार का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद है। सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल सेहत को बेहतर बनाने और बीमारियों को दूर करने के लिए कई तरीके से किया जा सकता है लेकिन अगर आप इसके फूलों का काढ़ा पीते हैं तो यह आपके लिए बहुत फायदेमंद होगा। सदाबहार के फूलों का काढ़ा पीने से डायबिटीज समेत कई गंभीर



समस्याओं में फायदा मिलता है। सदाबहार के पौधा बहुत कॉमन पौधा है और यह घर के आसपास जरूर दिख सकता है। लोग इसके औषधीय गुणों से वाकिफ न होने के कारण कई बार इसके पौधे को तोड़कर फेंक भी देते हैं। लेकिन आयुर्वेद में इस पौधे, इसके फूल और पत्तियों का बड़ा महत्व है।

**डायबिटीज की समस्या में फायदेमंद :** डायबिटीज के मरीजों के लिए सदाबहार के फूलों का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद होता है।

इसमें मौजूद औषधीय गुण डायबिटीज की समस्या में ब्लड शुगर को कंट्रोल में रखने का काम करते हैं। इसमें मौजूद हाइपोग्लाइकेमिक गुण डायबिटीज के मरीजों के लिए बहुत फायदेमंद है। इससे शरीर में ब्लड शुगर का स्तर कंट्रोल होता है और इंसुलिन का उत्पादन भी सही ढंग से होता है।

**ब्लड प्रेशर में फायदेमंद सदाबहार के फूलों का काढ़ा :** हाइपरटेंशन या हाई बीपी की समस्या आज के समय एक कॉमन समस्या बन गयी है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के लिए सदाबहार के फूलों का काढ़ा बहुत फायदेमंद होता है। रोजाना इसका सेवन करने से आपकी कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ भी ठीक होती है। इसमें मौजूद औषधीय गुण हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल करने का काम करते हैं। आप डॉक्टर की सलाह लेकर इसका इस्तेमाल हाई बीपी में कर सकते हैं।

**शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए उपयोगी :** शरीर की इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए आप सदाबहार के फूलों का काढ़ा रोजाना पी सकते हैं।

**गले के इन्फेक्शन और खराश को दूर करने के फायदेमंद :** गले के इन्फेक्शन को दूर करने के लिए सदाबहार के फूलों का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद है। इसका सेवन आप गले की खराश, इन्फेक्शन और कफ आदि को दूर करने के लिए कर सकते हैं।

### मेंस्ट्रुअल फ्लो ठीक करने के लिए उपयोगी

महिलाओं में मासिक धर्म या पीरियड्स से जुड़ी समस्याओं को कम करने के लिए सदाबहार के फूलों का काढ़ा बहुत फायदेमंद होता है। पीरियड्स फ्लो को ठीक करने के लिए सदाबहार के फूलों का काढ़ा पीना बहुत फायदेमंद होता है। पीरियड्स के दौरान होने वाले दर्द को कम करने के लिए भी आप सदाबहार की पत्तियों का काढ़ा पी सकते हैं।

# शरीर में इन विटामिन की कमी से नींद ज्यादा आती है?

विटामिंस शरीर के लिए काफी जरूरी पोषक तत्वों में से एक मानी जाती है। अगर आपके शरीर में विटामिंस की कमी हो जाए, तो कई तरह की समस्याएं होने लगती है। विटामिंस अनिद्रा से लेकर अधिक नींद आने की परेशानी को प्रभावित करता है। कुछ ऐसे विटामिंस भी हैं, जिसकी कमी होने से आपको काफी ज्यादा नींद आ सकती है।



### विटामिन डी

विटामिन डी शरीर के लिए काफी जरूरी माना जाता है। यह हड्डियों की मजबूती के लिए जरूरी विटामिंस में से एक है। इसके अलावा विटामिन डी शरीर में कैल्शियम और फास्फोरस को अवशोषित करने में आपकी मदद करता है। यह हड्डियों के घनत्व को बढ़ाता है। इतना ही नहीं, विटामिन डी मेटाबॉलिज्म और इम्यूनिटी को भी बूस्ट करने में असरदार होता है। अगर शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाए, तो हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, शरीर में दर्द जैसी कई तरह की परेशानियां दो सकती हैं।

### विटामिन बी12

शरीर में विटामिन बी12 की कमी के कारण काफी ज्यादा नींद आ सकती है। वृद्ध लोगों के शरीर में विटामिन बी12 की कमी होना काफी आम है। शरीर में इसकी कमी के कारण विभिन्न न्यूरोलॉजिकल और मानसिक समस्याएं जन्म दे सकती हैं। रिसर्च के अनुसार, शरीर में विटामिन बी12 की कमी के कारण काफी ज्यादा नींद आ सकती है। इसकी पूर्ति के लिए आप कई तरह के खाद्य पदार्थों का सेवन कर सकते हैं। इससे आपके शरीर को काफी लाभ मिलेगा।

### विटामिन सी

विटामिन सी की कमी को पूरा करने के लिए आप खट्टे फलों का सेवन कर सकते हैं। वहीं, विटामिन बी कॉम्पलेक्स (विटामिन बी2, बी3, बी5, बी6, बी9) की कमी को पूरा करने के लिए चिकन ब्रेस्ट, दूध-दही, सोया प्रोडक्ट्स का सेवन करें। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

# ज्यादा कॉर्नफ्लेक्स खाने से सेहत को हो सकते हैं ये नुकसान

आजकल की व्यस्त दिनचर्या में लोग जल्दी और झटपट बन जाने वाले नाश्ते और खाने का सेवन करना चाहते हैं। ऐसा एक प्रचलित नाश्ता है, कॉर्नफ्लेक्स। जल्दी और झटपट तैयार हो जाने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों से लेकर ऑफिस तक जाने वाले लोग सुबह-सुबह कॉर्नफ्लेक्स खाकर जाना पसंद करते हैं। इसे भारतीय घरों में भी एक हेल्दी खाने के तौर पर लिया जाता है। यह खाने में भी काफी टेस्टी होता है। हालांकि सप्ताह में एक या दो बार कॉर्नफ्लेक्स सुबह या शाम के नाश्ते में खाना गलत नहीं होता है लेकिन अगर आप रोजाना नाश्ते में कॉर्नफ्लेक्स का सेवन करते हैं, तो इससे आपको नुकसान हो सकता है। दरअसल कॉर्नफ्लेक्स का चलन बढ़ने के कारण तेजी से बढ़ता आधुनिकीकरण और विज्ञापनों के कारण भी लोगों का रूझान इस ओर हुआ है।

### पोषक तत्वों की कमी

हमारे शरीर में पोषक तत्वों की आपूर्ति पौष्टिक खाने से होती है इसलिए हमारे बड़े-बुजुर्ग हमें हेल्दी खाना खाने की सलाह देते हैं। लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि कॉर्नफ्लेक्स की न्यूट्रिशनल वैल्यू जीरो है। इसके सेवन से आपके शरीर में केवल कैलोरी की मात्रा बढ़ती है। इसके अलावा इसमें सोडियम, कार्बोहाइड्रेट, कॉर्नसिरप और वनस्पति तेल मिलाया जाता है, जो आपकी सेहत के लिए फायदेमंद नहीं होता है। इसके अधिक सेवन से आपका वजन बढ़ सकता है। साथ ही अन्य समस्याएं भी देखने को मिल सकती है।

### हाई ग्लाइसेमिक इंडेक्स

कॉर्नफ्लेक्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स बहुत अधिक होता है, जिससे डायबिटीज होने की आशंका बढ़ जाती है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स से आपको यह पता चल सकता है कि किस फूड में कितनी मात्रा में शुगर लेवल है। इसे हमेशा 100 से कैल्कुलेट किया जाता है और 55 से कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स को अच्छा माना जाता है। वहीं कॉर्नफ्लेक्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स 80 से अधिक होता है, जिससे आपकी परेशानी बढ़ सकती है। इससे शरीर में हृदय संबंधी समस्याएं भी हो सकती है।

### कॉर्न सिरप और स्वीटनर

कॉर्नफ्लेक्स का नॉर्मल स्वाद अच्छा नहीं होता। कच्चे रूप में खाने पर इसका स्वाद आपको बिल्कुल फीका लग सकता है। इसलिए, इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए उसे कई प्रोसेस से गुजारा जाता है। इसे सोडियम में भी गर्म किया जाता है। इसके बाद टेस्ट के लिए उसमें कॉर्न सिरप और स्वीटनर भी डाले जाते हैं। इनका सेवन करने से मोटापा, डायबिटीज और हृदय रोग जैसी दिक्कतें आ सकती है।

### पाचन तंत्र खराब करे

लगातार कॉर्नफ्लेक्स खाने से आपके पाचन तंत्र में परेशानी हो सकती है। इसमें फाइबर की कमी



के कारण आपका पाचन तंत्र खराब हो सकता है। इसके अलावा इससे आपका मेटाबॉलिक रेट स्लो हो सकता है। शुरूआत में ये आपको अच्छा लग सकता है लेकिन इससे काफी नुकसान हो सकता है।

### कॉर्नफ्लेक्स का कितनी मात्रा में करें सेवन

कॉर्नफ्लेक्स का सेवन बेहद सीमित मात्रा में सेवन करें। इससे आपको कई तरह से नुकसान हो सकता है। साथ ही अगर आप वेटलॉस के बारे में सोच रहे हैं, तो आपको इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि कॉर्नफ्लेक्स का लगातार सेवन करने से आपका वजन कम नहीं हो सकता है। इसे आप हफ्ते में एक या दो बार खा सकते हैं। एक कटोरी से अधिक कॉर्नफ्लेक्स का सेवन आपके लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### कॉर्नफ्लेक्स की जगह इन चीजों का करें सेवन

कॉर्नफ्लेक्स की जगह आप दलिया, ब्रेड ऑमलेट, फ्रेश जूस और फल आदि खाने से शरीर को काफी फायदा मिलता है। इसके अलावा आप सुबह के नाश्ते में सेब, जामुन और केले जैसे फलों का सेवन कर सकते हैं। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं। यह आपके पेट के लिए भी काफी अच्छा होता है।

# गर्मी में डैंड्रफ की समस्या बढ़ने के हो सकते हैं ये कारण

रूखी, परतदार त्वचा की समस्या ज्यादातर सर्दियों के मौसम में होती है। लेकिन अगर अगर बालों, सिर की बात की जाए तो गर्मियों में भी रूसी या डैंड्रफ से परेशान होना पड़ सकता है। कई बार गर्म और आर्द मौसम डैंड्रफ की समस्या को बढ़ा सकता है। मौसम में बदलाव की वजह से ऐसा हो सकता है।

**मौसम में बदलाव :** गर्मी में मौसम में बदलाव होने की वजह से डैंड्रफ की समस्या हो सकती है। Malassezia globose एक रूसी पैदा करने वाला सूक्ष्म जीव है, जो गर्म और आर्द्र मौसम में पनपता है। इसकी वजह से जब बालों या सिर पर अधिक पसीना आता है, तो यह जीव डैंड्रफ पैदा कर सकता है। इसलिए आपको डैंड्रफ से बचने के लिए बालों की नियमित रूप से साफ रखना बहुत जरूरी होता है। सिर को पसीने से बचाना जरूरी है, ताकि जीव के कारण डैंड्रफ न हो।

**बन या पोनीटेल बनाकर रखना :** गर्मी में लोग बालों को खुला रखने के बजाय अकसर बन या पोनीटेल बनाना पसंद करते हैं। लंबे समय तक बन या



पोनीटेल बनाकर रखने से स्कैल्प को सांस लेने के लिए जगह नहीं मिल पाती है। इससे बालों में पसीना हो सकता है। और डैंड्रफ की समस्या को ट्रिगर कर सकता है। स्कैल्प को सांस लेने की जगह जरूर देनी चाहिए।

**किचन में समय बिताना :** महिलाएं अपना सबसे अधिक समय किचन में बिताती हैं। लेकिन गर्मी में किचन में रहने से बालों, शरीर पर पसीना से तर हो जाते हैं। इससे बालों और स्कैल्प पर पसीना, गंदगी का निर्माण होता है, तो डैंड्रप की समस्या हो जाती है। किचन में अधिक समय तक रहने से डैंड्रफ हो सकता है।

**सप्ताह में तीन दिन बाल धोएं :** गर्मियों में बाल और स्कैल्प पसीने की वजह से बहुत जल्दी गंदे हो जाते हैं। इससे सिर पर रूसी या डैंड्रफ की समस्या हो जाती है। इसलिए गर्मियों में आपको सप्ताह में 3 दिन बाल जरूर धोने चाहिए।

# अफीम तस्करी के आरोप में बाइक सवार गिरफ्तार

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** ऑपरेशन नकेल के तहत चूरू की सदर थाना पुलिस ने डीएसटी के साथ संयुक्त कारवाई करते हुए एनएच-52 से बाइक सवार को अफीम तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। डीएसपी विनोद ने बताया उच्च अधिकारियों के निर्देश पर जिले भर में सिंथेटिक ड्रग, नशा तस्करी व नशे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे ऑपरेशन नकेल के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की एक बाइक सवार हाइवे से अफीम तस्करी कर रहा है, जिस पर नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने अजमेर के किशनगढ़ निवासी परवेज गौरी को रोककर पूछताछ की तो परवेज पुलिस को संतोष जनक जवाब नहीं दे पाया, जिस पर पुलिस ने तलाशी ली तो आरोपी के कब्जे से पुलिस को 215 ग्राम अफीम बरामद हुई। पुलिस के अनुसार जब्त अफीम की अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपए है। पुलिस ने अफीम के साथ बाइक जब्त कर आरोपी परवेज गौरी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच दूधवाखारा थाना पुलिस को सौपी है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पेट्रोल पंप पर काम करता है और केकड़ी से हरियाणा के हिसार में अफीम सप्लाई करने बाइक से जा रहा था।

## आवारा कुत्ते का आतंक, 9 जनों को काटा

श्रवण सारस्वत



**रींगस (नवयत्न)।** कस्बे के डाकवालो का मौहल्ला वार्ड 21 में एक आवारा कुत्ते ने जमकर आतंक मचाया। एक के बाद एक आठ जनों को कुत्ते ने काट कर जख्मी कर दिया। इसमें दो बच्चे भी शामिल है। कुत्ते के हमले में घायल पीड़ितो को उपजिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहा पर घायलों का इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार वार्ड 21 डाकवालो का मौहल्ले में पिछले कई दिनों से एक कुत्ते ने आतंक मचा रखा है। कुत्ते ने एक के बाद एक आठ जनों पर हमला बोल कर उन्हें काट लिया। घायलो में रामबाबु डाकवाला, महेश प्रधान डाकवाला, कार्तिक, घूड सिंह, चंदा, ईशिका, पिरुष काबरा, रूद शामिल है। इसके बाद हो हल्ला सुनकर आस पास के लोग दौड़ कर आए लेकिन कुत्ता मौके से फरार हो गया। इस संबंध में नगर पालिका को शिकायत की गई। नगर पालिका के एसआई मुकेश कुमार कुमावत ने बताया कि जानकारी मिलते ही मौके पर टीम भेजी गई है जल्द ही कुत्ते को पकड़ लिया जायेगा। मौके पर श्रीमाधोपुर से भी कुत्ता पकड़ने वाली टीम को बुलाया गया है। वही इस घटना के बाद अनेक वार्डों में हड़कम्प मच गया। परिजन अपने बच्चों को बाहर खेलने भी नहीं दे रहे है। लोगो में कुत्ते का भय इस कदर है कि लोग कुत्ते को तलाश कर रहे है। खबर लिखे जाने तक 12 लोग कुत्ते के काटे हुए आ चुके थे।

## भगवान शांतिनाथ के जयकारों से गूंजे जैन मंदिर

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जैन धर्म के 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ के जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव रविवार को राजधानी के 225 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाए गए। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक, शांतिधारा तथा निर्वाणोत्सव के आयोजन हुए और मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह भगवान शांतिनाथ का जलाभिषेक एवं पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद विश्व में सुख, शांति और समृद्धि की कामना के साथ शांतिधारा तथा अष्टद्रव्य पूजा संपन्न हुई। मोक्ष कल्याणक के अवसर पर निर्वाण कांड भाषा का वाचन कर श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित किया। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान शांतिनाथ के जयकारों से गुंजायमान हो उठे। सूर्य नगर स्थित श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में अध्यक्ष इंजीनियर नवीन जैन एवं मंत्री धनेश सेठी के नेतृत्व में विशेष निर्वाणोत्सव आयोजित किया गया। वहीं चूलगिरी, संघीजी सांगानेर, एसएफएस, पटेल नगर, लालकोठी, मनिहारों का रास्ता और बेगस सहित अनेक जैन मंदिरों में भी विशेष धार्मिक कार्यक्रम हुए। शहर में प्रवासरत विभिन्न आचार्यों एवं आर्यिकाओं के सानिध्य में भी पूजा-अर्चना और निर्वाणोत्सव आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ के जीवन आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



# विधायक गोदारा ने की जनसुनवाई

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ (नवयत्न)।** विधायक पूसाराम गोदारा द्वारा शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय स्थित विधायक आवास में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई में विधानसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी विभिन्न समस्याएँ लेकर पहुंचे। जनसुनवाई के दौरान गांव एवं शहर में जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने, विद्युत आपूर्ति एवं वोल्टेज में सुधार, सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण, उपस्वास्थ्य केंद्रों में रिक्त पद भरने, चिकित्सा व शिक्षा से जुड़ी समस्याओं तथा नगरपालिका से संबंधित विभिन्न मुद्दे विधायक के समक्ष रखे। विधायक गोदारा ने इन सभी विषयों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस दौरान ग्राम मोलीसर छोटा में पाइप लाइन लंबे समय से पुरानी एवं क्षतिग्रस्त होने से पेयजल सप्लाई में आ रही बाधा से उत्पन्न स्थिति को लेकर ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल ने विधायक को ज्ञापन सौंपा और नई पाइप डलवाने की मांग की एवं साथ ही विद्युत जर्जर पोल बदलने की मांग की। विधायक ने मौके से सम्बन्धित उच्च अधिकारियों से वार्ता करके नई पाइप लाइन डलवाने एवं जर्जर विद्युत पोल बदलने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अरविंद चाकलान, दलीप बिस्सू, रामप्रताप बिजारणियां, पोकर राम श्योराण, उमाराम, भागीरथ, रतनलाल जाखड़, शेराराम, संजय कुमार, हरलाल, मदन लाल, नारायण सिंह, नानूराम, ताराचंद, मोहन राम, विद्याधर, अमित, संदीप, श्रीराम, चरण सिंह कोका, लालचंद गोदारा, नेमीचंद धतरवाल, प्रताप सहित ग्रामीण वासी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी शासन के 12 वर्ष सफल पूर्ण होने पर किया श्रमदान व पौधरोपण

निसं



**तारानगर (नवयत्न)।** तारानगर शहर मण्डल में पद्म भूषण भाजपा नेता देवेंद्र झाझड़िया के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सफल नेतृत्व में सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद भगत सिंह की प्रतिमा, साहवा रोड, तारानगर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं मातृ सम्मान के उद्देश्य से एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इसके अतिरिक्त प्रबुद्ध जनों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित कर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अनूप खण्डेलवाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जमरदीन तैली, नरेश सहारण, अनूप खण्डेलवाल, रणजीत सिंह तंवर, मदनलाल नायक, राजेंद्र लिखाला, माणकचंद सैनी, नरेश झाझड़िया, हरि इन्दोरिया, अशोक जांगिड़, चुन्नीलाल सैनी, देवकरण कला, सुभाष सहारण, अमित मुडवाल, शिवकुमार शर्मा, नन्दू पटीर, रामचन्द्र प्रजापत, मोहम्मद समीर, दिलावर, बाबूलाल पटीर, भगवती प्रसाद शर्मा, सूर्यप्रकाश ढाका, ओमप्रकाश रेगर, पंकज मिश्रा सहित अनेक प्रबुद्धजन एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एबीवीपी के प्रवेश सहायता शिविरों से विद्यार्थियों को मिली राहत



**तारानगर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, चूरू द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन हेतु जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में प्रवेश सहायता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई गई तथा प्रवेश के दौरान आने वाली विभिन्न समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान किया गया। परिषद कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को दस्तावेज सत्यापन, विषय चयन एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं की जानकारी देकर उनका मार्गदर्शन किया। साथ ही जिन विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में तकनीकी अथवा अन्य प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था, उनकी समस्याओं का भी समाधान किया गया। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव विद्यार्थियों के हितों के लिए कार्य करती रही है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवागंतुक विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रवेश सहायता शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। परिषद का उद्देश्य प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुँचकर उसे उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना है। शिविरों में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता कर प्रवेश संबंधी जानकारी प्राप्त की तथा परिषद के इस प्रयास की सराहना की। परिषद हमेशा विद्यार्थियों के हितों एवं शैक्षणिक विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करती है ।

## एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष भाटिया का किया स्वागत

निसं



**सिंघाना (नवयत्न)।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र भाटिया का रविवार को डूमौली कलां के ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व विधायक सुभाष पूनियां की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह के विशिष्ट अतिथि सूरजगढ़ पंचायत के निवर्तमान प्रधान बलवान सिंह, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रतन सिंह तंवर, बुहाना पूर्व प्रधान नीता यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष सत्यवीर दौराता, पूर्व सरपंच मेहरचंद यादव ने भाटिया को माला व साफा पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। ज्ञात रहे भारतीय जनता पार्टी ने सुरेन्द्र भाटिया को लगातार दूसरी बार जिलाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा है। इस मौके पर सज्जन शर्मा, हीरालाल कसाना, जयराम दौराता, घनश्याम शर्मा, रामसिंह दौराता सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## देशभक्ति की भावना के साथ मनाया शहीद अजय सिंह चौधरी का शहादत दिवस

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** क्षेत्र के ढिगाल गांव में स्थित शहीद स्मारक पर रविवार को अमर शहीद सेना मेडल अजय सिंह चौधरी का 10 वां शहादत मनाया गया। उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलित किया फिर राष्ट्रध्वज फहराकर देश के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सिग्नल कोर सेवानिवृत्ति संघ द्वारा शहीद परिवार का शॉल व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। शहीद परिवार द्वारा कक्षा 5 से कक्षा 12 तक उत्कृष्ट परिणाम देने वाले छात्र-छात्राओं व राजकीय सेवा में चयन होने वाले तथा समाजसेवा करने वाले व्यक्तियों का सम्मान किया गया। इस मौके पर महेंद्र सिंह रणवा, शिक्षा विभाग में उपनिदेशक शीशराम कुलहरि, डॉ महेश बिसु, रौनक रेप्सवाल, प्राचार्य रमेश कुमार, निवर्तमान पंचायत समिति सदस्य रामनिवास डुडी, शिशराम डूडी, रामदेव महला, कप्तान ताराचंद ढूकिया अध्यक्ष गौरव सेनानी संघ, कप्तान अमरचंद खेदड़, कप्तान रामनिवास नेतड़, सूबेदार ओंकार सिंह, मेजर जयराम, कप्तान महेन्द्र झाझड़िया, कप्तान अजय कुमार, कैप्टन ताराचंद नूनिया, सूबेदार महेंद्र बिस्सू, विद्याधर गोदारा कसेरु, धीरेन्दर गोदारा कसेरु, सुभाष पूनिया, नेकीराम रेप्सवाल, गोरुराम, अध्यापक धर्मवीर तथा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य, गौरव सैनानी संघ के सदस्य, ग्रामवासी मातृशक्ति एवं युवा साथी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एड. विजय आजाद ने किया। शहीद पिता रघुवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## अधिक मास : पार्थिव शिवलिंग पूजन महोत्सव में उमड़ी श्रद्धा



**जयपुर (नवयत्न)।** अधिक मास के अंतिम दिन रविवार को सेक्टर-5 स्थित शिव हनुमान मंदिर में आयोजित विशाल सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन महोत्सव श्रद्धा, आस्था और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। भारत विकास परिषद, शाखा अंबाबाड़ी जयपुर के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान शिव की आराधना की। आचार्य पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित 20वें पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं सहस्त्रघट महाभिषेक में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस दौरान भगवान शिव का गंगाजल, दूध, पंचामृत, गन्ने के रस, भांग तथा विभिन्न पवित्र सामग्रियों से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अभिषेक किया गया। मंदिर परिसर में हर-हर महादेव और ओम नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे, जिससे पूरा वातावरण शिवमय हो गया। पंडित राजेश शास्त्री ने बताया कि अधिक मास में भगवान शिव की आराधना और पार्थिव शिवलिंग पूजन का विशेष महत्व माना गया है। विशेष रूप से अधिक मास के अंतिम दिन किया गया पूजन एवं अभिषेक श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा, सुख-समृद्धि और पुण्यफल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में अधिक मास साधना, जप, तप और ईश्वर भक्ति के लिए अत्यंत शुभ एवं फलदायी माना गया है। महोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं ने सहस्त्रघट महाभिषेक में भाग लेकर परिवार, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर महाआरती का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और भक्ति, श्रद्धा तथा आध्यात्मिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## अवैध हुक्का बार पर मारा छापा : हुक्के और नशे युक्त फ्लेवर पैकेट जब्त

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी जयपुर में अवैध रूप से संचालित हुक्का बारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बजाज नगर थाना पुलिस ने रविवार को टोंक रोड स्थित एक हुक्का बार पर छापा मारकर कार्रवाई की। पुलिस ने मौके से अवैध हुक्का संचालन में प्रयुक्त सामग्री और नशे युक्त फ्लेवर पैकेट जब्त करते हुए कैफे के मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। वहीं हुक्का पीते मिले युवक-युवतियों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि जिले में अवैध हुक्का बारों और नशा गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सभी थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार सिंघल के निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त मालवीय नगर विनोद कुमार शर्मा के सुपरविजन में विशेष टीम का गठन किया गया। बजाज नगर थानाधिकारी रामधन डोभाल के नेतृत्व में गठित टीम ने पुख्ता सूचना के आधार पर टोंक रोड स्थित डियोना हुक्का बार कैफे पर दबिश दी। पुलिस की अचानक कार्रवाई से कैफे में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने चार हुक्के, चार चिलम, चार पाइप, एक चिमटा, एक कोयला जाली तथा विभिन्न प्रकार के तीन नशेयुक्त फ्लेवर पैकेट बरामद कर जब्त किए। वहीं कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कैफे के मैनेजर मनोज कुमार 28 निवासी 6 जीएमडी जिला श्रीगंगानगर हाल मैनेजर डियोना हुक्का बार कैफे टोंक रोड को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस जांच के दौरान कैफे में कई युवक-युवतियां हुक्का पीते हुए मिले। पुलिस ने सभी के खिलाफ कोटपा एक्ट एवं अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत चालान बनाकर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान युवाओं में हड़कंप मच गया। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि युवाओं को नशे की ओर धकेलने वाले अवैध हुक्का बारों और कैफे संचालकों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे प्रतिष्ठानों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और कानून का उल्लंघन करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई करने वाली टीम में उप निरीक्षक गिरवर सिंह, कांस्टेबल रामवतार तथा कांस्टेबल महेंद्र सहित बजाज नगर थाना पुलिस के अन्य जवान शामिल रहे।

# पांच वर्षीय मासूम की हत्या में पड़ोसी महिला गिरफ्तार, रंजिश में दिया वारदात को अंजाम

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** हरमाड़ा थाना क्षेत्र में पांच वर्षीय मासूम बच्ची की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने पड़ोस में रहने वाली एक महिला को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला ने आपसी रंजिश के चलते बच्ची की हत्या की। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि शनिवार को लापता हुई पांच वर्षीय बच्ची का शव पड़ोसी महिला के घर से बरामद किया गया था। संदिग्ध महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने बच्ची की हत्या करना स्वीकार कर लिया। इसके बाद रविवार शाम उसे गिरफ्तार कर लिया गया। मृतका के पिता ने बताया कि शनिवार सुबह वह काम पर गए थे। दोपहर करीब एक बजे उनकी पत्नी का फोन आया कि पांच वर्षीय बेटी घर से अचानक लापता हो गई है और काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल रहा। सूचना मिलते ही वह घर पहुंचे और बच्ची की खोजबीन शुरू की। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाली महिला का उनकी पत्नी से पहले किसी बात को लेकर विवाद हो चुका था। इसी कारण शुरुआत से ही उन्हें उस महिला पर शक था। जब उन्होंने महिला से बच्ची के बारे में पूछा तो उसने संतोषजनक जवाब नहीं दिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों की ओर से जताए गए संदेह के आधार पर पड़ोसी महिला के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान घर के हॉल में रखे बेड के अंदर कंबल में लिपटा बच्ची का शव बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार बच्ची की हत्या गला दबाकर की गई थी। शव को छिपाने के उद्देश्य से कंबल में लपेटकर बेड के अंदर रखा गया था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी महिला और बच्ची के परिवार के बीच पहले से विवाद चल रहा था। पूछताछ में आरोपी महिला ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। थानाधिकारी उदय सिंह यादव ने बताया कि आरोपी महिला पुलिस गिरफ्त में है और उससे कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस अब मुख्य विवाद की असली वजह जानने और पूरे मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। पुलिस इस एंगल पर भी गहनता से जांच कर रही है कि क्या इस खौफनाक हत्याकांड में महिला अकेली ही शामिल थी या फिर परिवार या बाहर के किसी अन्य व्यक्ति ने भी इस साजिश में उसका साथ दिया था। इस वीभत्स हत्याकांड के बाद से पूरे हरमाड़ा इलाके में भारी आक्रोश और शोक का माहौल है। स्थानीय लोग आरोपी महिला को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 10 दिन में 87 हजार 945 वाहनों के खिलाफ एक्शन

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करने और सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष सघन महाअभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई है। अभियान के 10 दिनों में अब तक 87 हजार 945 वाहनों एवं वाहन चालकों के खिलाफ दंडात्मक और विधिक कार्रवाई की गई है। वहीं शनिवार को प्रदेशभर में 8 हजार 750 वाहनों पर कार्रवाई की गई। डीजी ट्रैफिक अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में चल रहे अभियान के संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस यातायात डॉ बीएल मीणा ने बताया कि 4 जून से 13 जून तक चलाए गए अभियान में सबसे अधिक कार्रवाई वाहनों के शीशों पर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के विपरीत लगाई गई काली फिल्म तथा नियम विरुद्ध नंबर प्लेटों के खिलाफ की गई है। पुलिस टीमों ने प्रदेशभर में सघन नाकाबंदी कर वाहनों की जांच की और नियम उल्लंघन पाए जाने पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान काली फिल्म लगे 33,918 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसके अलावा वाहनों पर अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन वाले 12094, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट एवं पंजीयन चिन्ह वाले 22630, वाहन की संरचना में अवैध परिवर्तन करने वाले 8490, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती, फ्लैशर, स्ट्रोब लाइट एवं हूटर लगाने वाले 6097 तथा ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न लगाने वाले 4716 वाहनों पर कार्रवाई की गई। शनिवार को हुई कार्रवाई में काली फिल्म लगे 3274, अनाधिकृत शब्द, चिन्ह एवं लेखन वाले 1274, नियम विरुद्ध नंबर प्लेट वाले 2168, वाहन की संरचना में अवैध परिवर्तन करने वाले 856, अनाधिकृत लाल-नीली बत्ती एवं हूटर लगाने वाले 691 तथा प्रेशर हॉर्न एवं एयर हॉर्न वाले 487 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई। डॉ मीणा ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वाहनों पर अनाधिकृत रूप से पद, जाति, संस्था अथवा अन्य प्रभाव दर्शाने वाले शब्द लिखना, रसूख दिखाने के लिए हूटर एवं फ्लैशर का उपयोग करना तथा काली फिल्म लगाकर वाहन चलाना कानूनन अपराध है।

## आचार्य महाप्रज्ञ जन्मदिवस पर तीन दिवसीय चिकित्सा शिविर सम्पन्न



निसं

**टमकोर ( नवयत्न )।** महात्मा महाप्रज्ञ हॉस्पिटल, टमकोर में तेरापंथ धर्मसंघ के 10वें आचार्य श्री महाप्रज्ञ के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान ग्रामीण बैंक के आर्थिक सौजन्य से आयोजित तीन दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का रविवार को सफल समापन हुआ। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सेवाएं प्रदान की गईं तथा कुल 412 मरीजों की जांच एवं परामर्श किया गया। शिविर में नेत्र रोग, प्रसूति एवं स्त्री रोग, चर्म रोग, मूत्र रोग, ईएनटीए कैंसर, हृदय रोग, हड्डी रोग, फेफड़ा रोग तथा दंत रोग सहित लगभग 10 विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान मरीजों की मेमोग्राफी, रक्त, मूत्र, शुगर, एक्स-रे, लिवर सहित विभिन्न जांचें नि:शुल्क की गईं। शिविर का उद्घाटन पूर्व विधायक रणवीर गुढ़ा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मुकेश, राजस्थान ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अजय कस्वां, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के उपाध्यक्ष अनंत बागरेचा, बीसीएमओ डॉ. अशोक सैनी, विकास अधिकारी अमित चौधरी तथा थानाधिकारी डॉ. महेंद्र सैन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणवीर गुढ़ा ने आचार्य महाप्रज्ञ के जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें शांति और अहिंसा का दूत बताया। उन्होंने राजस्थान ग्रामीण बैंक द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों एवं जनहितकारी पहलों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के उपाध्यक्ष अनंत बागरेचा ने हॉस्पिटल की व्यवस्थाओं एवं सामाजिक सेवाओं की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल व्यवस्थापक अजित चोरड़िया एवं महिला मंडल की सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। वहीं अतिथियों द्वारा शिविर में सेवाएं देने वाले चिकित्सकों, स्टाफ एवं स्थानीय कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूनमचंद चोरड़िया, प्रदीप गिडिया, महेंद्र चोरड़िया, सुरेंद्र भंसाली, राजेंद्र चोरड़िया, कमल चोरड़िया, अशोक चोरड़िया, छत्र सिंह गिडिया, प्रवीण नाहटा, अरुणा नाहटा, प्रेमचंद जांगिड़, रघुवीर धेतरवाल, संपत जांगिड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट व स्टडी लाइब्रेरी का शुभारंभ




अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** शहर के जिनकू देवी स्कूल के पास सम्यक आईटी एंड स्किल इंस्टीट्यूट व स्टडी लाइब्रेरी का भव्य शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ अवसर पर चीफ शहर काजी सैयद मदनी, डॉ. नानूराम चोयल, केसाराम हुड्डा, जगन्नाथ बुरड़क, शकूर खां मोयल, पूर्व पार्षद रमजान एवं हीरालाल जैन सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत कर संस्थान संचालक टीम को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान संस्थान की टीम ने अतिथियों का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही उपस्थित लोगों को संस्थान में उपलब्ध कंप्यूटर आधारित आधुनिक कोर्सेज, स्किल डेवलपमेंट प्रशिक्षण और अध्ययन सुविधाओं की जानकारी दी गई। संचालक टीम ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को तकनीकी शिक्षा, रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण और बेहतर अध्ययन वातावरण उपलब्ध कराना है, ताकि बदलते समय की आवश्यकताओं के अनुरूप अपने कौशल को विकसित कर सकें। इस अवसर पर जौहरी राजकीय उमावि प्रिंसिपल मनीष सिंघाटिया, प्रकाश स्वामी, भंवरू खान टाक, रणजीत खान, बहादुर खां,आलम अली, आरती पटेल, फरमान खींची सहित शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## देश सेवा के बाद गौसेवा में आगे आए रिटायर्ड कैप्टन, गौ चिकित्सालय को दिए 51 हजार रुपए

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रहे मूंडा की ढाणी तन सौंथली निवासी रिटायर्ड कैप्टन दिलीप सिंह मूंड ने गौवंश की सेवा के लिए सराहनीय पहल की है। उन्होंने सौंथली गांव में संचालित गौ चिकित्सालय के विकास एवं व्यवस्थाओं के लिए 51 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। कैप्टन मूंड ने बताया कि गौवंश की सुरक्षा और उपचार के लिए ग्रामीण स्तर पर बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से उन्होंने यह सहयोग राशि भेंट की है ताकि घायल एवं बीमार गौवंश को समय पर उपचार मिल सके। इससे पहले भी वे जाखल स्थित गोशाला को 1 लाख रुपए का आर्थिक सहयोग दे चुके हैं। सेना में लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद कैप्टन मूंड सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में लगातार योगदान दे रहे हैं। वे सौंथली गांव में संचालित योद्धा ग्रुप के अध्यक्ष भी हैं। उनके नेतृत्व में शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान, जरूरतमंदों की सहायता और गौसेवा जैसे विभिन्न सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं। गौ चिकित्सालय की टीम और ग्रामीणों ने कैप्टन दिलीप सिंह मूंड के इस सहयोग की सराहना करते हुए उनका एवं उनके परिवार का आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसे कार्य समाज के अन्य लोगों को भी जनहित और गौसेवा के लिए प्रेरित करते हैं।



# आज शहीद स्मारक पर होगा कॉकरोच जनता पार्टी का प्रदर्शन

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** कॉकरोच जनता पार्टी सीजेपी को आखिरकार जयपुर के शहीद स्मारक पर विरोध-प्रदर्शन की अनुमति मिल गई है। पहले कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था। लेकिन रविवार को जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में हुई अहम बैठक के बाद पार्टी को सोमवार को दोपहर तीन बजे से प्रदर्शन की अनुमति प्रदान कर दी गई। सीजेपी द्वारा यह प्रदर्शन नीट पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्थाओं, भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शन गवर्नमेंट हॉस्टल स्थित शहीद स्मारक पर होगा। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका ने बताया कि युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सरकार और प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना इस आंदोलन का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि लंबे प्रयासों और प्रशासन के साथ संवाद के बाद प्रदर्शन की अनुमति प्राप्त हुई है। जानकारी के अनुसार रविवार को जयपुर कमिश्नरेट में डीसीपी साउथ और पार्टी प्रतिनिधियों के बीच करीब दो घंटे तक बैठक चली। इसके बाद पुलिस प्रशासन ने निर्धारित शर्तों के साथ प्रदर्शन की अनुमति जारी कर दी। इससे पहले पुलिस उपायुक्त दक्षिण कार्यालय की ओर से जारी आदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए अनुमति देने से इनकार किया गया था। आवेदन की जांच के दौरान सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रदर्शन को मंजूरी नहीं दी गई थी। अनुमति नहीं मिलने पर सीजेपी राजस्थान इकाई के मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन बिट्टू ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि पार्टी ने दिल्ली, पुणे, लखनऊ, अमृतसर, बेंगलुरु और हैदराबाद सहित कई शहरों में शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किए हैं, जहां कहीं भी कानून-व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया था कि राजस्थान में पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दों पर छात्रों, अभिभावकों और बेरोजगार युवाओं की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। सीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत दीपके ने सोशल मीडिया के माध्यम से युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शहीद स्मारक पहुंचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक प्रकरण से लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। प्रदर्शन के दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी उठाई जाएगी। प्रदर्शन में पार्टी संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिजीत दीपके, राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष रांका, प्रमुख शिक्षाविद् सोनम वांगचुक, स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व सांसद पंडित रामकिशन के पुत्र संजय, कार्यक्रम संयोजक दीपक बालियान, रेखा शर्मा, रोशन मुंडोतिया, गीगराज जोड़ली सहित प्रदेशभर से बड़ी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक, बेरोजगार युवा और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। कार्यक्रम संयोजक दीपक बालियान ने कहा कि कॉकरोच जनता पार्टी लोकतांत्रिक मूल्यों में विश्वास करती है और प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं अनुशासित तरीके से किया जाएगा। पार्टी प्रशासन द्वारा निर्धारित सभी नियमों एवं शर्तों की पालना करेगी तथा कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पूरा सहयोग देगी। पार्टी ने प्रदेशभर के युवाओं, विद्यार्थियों, अभिभावकों और जागरूक नागरिकों से जनहित एवं शिक्षा से जुड़े मुद्दों के समर्थन में बड़ी संख्या में शामिल होकर अपनी आवाज बुलंद करने की अपील की है।

## अवैध पटाखा गोदाम पर पुलिस ने मारी रेड, 573 कार्टन विस्फोटक जब्त

**बिना लाइसेंस संचालित गोदाम सीज, गोदाम मालिक फरार**

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी में अवैध पटाखा फैक्ट्रियों और गोदामों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत करधनी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक अवैध पटाखा गोदाम सीज किया है। पुलिस ने मौके से विस्फोटक पदार्थ पटाखों के 573 कार्टन जब्त किए हैं। वहीं कार्रवाई की भनक लगते ही गोदाम संचालक फरार हो गया। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि अवैध विस्फोटकों के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश गुप्ता और सहायक पुलिस आयुक्त शिव कुमार के सुपरविजन में करधनी थानाधिकारी सवाई सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया था। जहां गठित पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि करधनी थाना क्षेत्र के सूर्य नगर स्थित 60 फीट रोड पर एक मकान में भारी मात्रा में पटाखों का अवैध भंडारण किया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। जहां बिना लाइसेंस संचालित गोदाम में बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री रखी मिली। पुलिस ने गोदाम संचालक को मौके पर बुलाने का प्रयास किया। लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। इसके बाद बिल्डिंग मालिक की मौजूदगी में गोदाम की तलाशी ली गई और वहां से 573 कार्टन पटाखे जब्त कर गोदाम को सीज कर दिया गया। पुलिस ने फरार संचालक के खिलाफ करधनी थाने में भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की धारा 287, 288 तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 1884 की धारा 5 एवं 9 ख और विस्फोटक अधिनियम, 1908 की धारा 4 बी आई एवं 5 ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस प्रशासन ने बिना लाइसेंस विस्फोटक पदार्थों के निर्माण और भंडारण करने वालों को कड़ी चेतावनी दी है। पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी ऐसे अवैध कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। यदि अवैध पटाखा गोदाम या फैक्ट्री के कारण कोई दुर्घटना या जनहानि होती है, तो संबंधित संचालकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी सवाई सिंहए उप निरीक्षक चमन लाल, उप निरीक्षक आशीष कुमार, सहायक उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, कांस्टेबल सतीश कुमार और दीपेंद्र शामिल रहे। पुलिस के अनुसार कार्रवाई को सफल बनाने में कांस्टेबल सतीश कुमार की विशेष भूमिका रही।

## अपना घर आश्रम में प्रभु जनों को भोजन करवाया



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय अपना घर आश्रम बेसहारा जरूरतमंद लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन जीने का सहारा बन गया है। शहरी कोलाहल से दूर प्रकृति का शांत वातावरण, साफ सुथरे कमरे, अच्छे बिस्तर, ताजा नाश्ता, भोजन, ताजी सब्जियां, दोपहर में फल, बीमार प्रभुजनों को नियमित दवा पट्टी, घर जैसी देखभाल सभी सुविधाए प्रभु जनों को यहां मिल रही है। पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर श्री बालाजी महिला सत्संग मंडली रिणी कुआं की संयोजिका संतोष सारस्वत ने शनिवार रात्रि को अपना घर आश्रम में निवास कर रहे प्रभु जनों को भोजन कराया। सारस्वत ने कहा कि पशु हो, चाहे पक्षी या बेसहारा मानव उनको भोजन कराना साक्षात भगवान को भोग लगाने जैसा महसूस होता है। भोजन कराने से पूर्व सारस्वत ने सबके कुशल मंगल होने की कामना करते हुए भगवान को भोग लगाया। आश्रम के कर्मचारियों ने उनका आभार प्रकट किया। आश्रम में लगातार बढ़ रही प्रभु जनों की संख्या और जरूरतों को देखते हुए शहर के समाजसेवियों की ओर से आश्रम में निर्माण भी कार्य कराया जा रहा है।

## विधायक ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण

निसं

**सिंघाना ( नवयत्न )।** बीडी मेमोरियल ब्लड बैंक द्वारा विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के बाद सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नवनिर्मित अस्पताल भवन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात कर वहां की समस्याओं और आवश्यकताओं की विस्तृत जानकारी ली। अस्पताल निरीक्षण के दौरान चिकित्साकर्मियों और स्थानीय नागरिकों ने विधायक के समक्ष कई प्रमुख मांगें और समस्याएं रखी। इनमें मुख्य रूप से अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर की अत्यंत आवश्यकता, सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल की चारदीवारी का निर्माण, चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की भारी कमी जैसी व्यवस्थागत खामियां शामिल थी। विधायक श्रवण कुमार ने अस्पताल स्टाफ और आमजन को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने की बात कही।



### ब्लड डोनेशन कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस जिला सचिव लक्की शर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन मनीष राज एवं नवीन कुमार भावठड़ी ने किया। इस अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी सिंघाना अध्यक्ष डी पी सैनी, ब्लॉक कांग्रेस सचिव नरेन्द्र शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ अध्यक्ष बाबूलाल कालोड़िया, उपाध्यक्ष विनोद मीणा, सुभाष मीणा, महासचिव रवि मीणा, सियाराम शर्मा, सरदार, रविन्द्र रॉकी, संजय, सुरेश जांगिड़, सुनील, जितेन्द्र, आनंद, सत्यवीर गजराज, राजू, रंजीत, हजारी लाल और संदीप कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर किया योगाभ्यास

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भाजपा एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल वर्मा के नेतृत्व और जिलाध्यक्ष मनोज बाटड के निर्देशन में स्थानीय न्यू राजमहल रिजॉर्ट में योगाभ्यास किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला योग प्रभारी नीलम मिश्रा की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ योग शिक्षक महावीर जांगिड, योग शिक्षक आलोक कौशिक, योग शिक्षिका विशाखा कुमावत, योगाचार्य सुमन सारण एवं प्रियंका कुल्हाड़ी ने सभी साधकों को योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में साधक उपस्थित रहे। सभी ने एकाग्रता और उत्साह के साथ योगाभ्यास किया, जिससे वातावरण सकारात्मक और ऊर्जा से भरपूर रहा। योग अभ्यास के बाद सभी का मन प्रफुल्लित दिखाई दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीलम मिश्रा ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली का आधार है। नियमित योग से शरीर निरोग रहता है, मन शांत होता है और व्यक्ति आत्मिक रूप से मजबूत बनता है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों से आज योग पूरी दुनिया में भारत की पहचान बन चुका है और सैकड़ों देश इसे अपना रहे हैं। एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष राहुल वर्मा ने सभी उपस्थित अतिथियों का माला एवं पारंपरिक पाटका पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने कहा कि योग दिवस को जन-आंदोलन बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है और ऐसे आयोजन समाज को स्वस्थ दिशा देने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम में महेंद्र नानी, महेश सैनी सावली, अतिश चंदपुरा, मनीष सैनी सावली, प्रकाश सांवली, कमल, रमेश, रोशन, संतोष आदि मौजूद रहे।

## दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का आरोप

निसं

नोखा (नवयत्न)। नोखा थाना क्षेत्र की एक महिला ने परिचित महिला ओर दो पुरुष के खिलाफसाथ दुष्कर्म और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को थाने में मामला दर्ज करवाया है। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि एक साल पहले वह अपने पीहर गई थी, जहां पड़ोस में रहने वाली महिला और उसके पति ने उसे छाछ लेने के बहाने अपने घर बुलाया। पीड़िता का आरोप है कि वहां पहले से ही दूसरा युवक मौजूद था।

महिला ने उसे जो पेय पदार्थ पिलाया जिसमें नशीला पदार्थ मिला हुआ था। नशीला पदार्थ पीने के बाद महिला अर्ध-बेहोश हो गई, जिसका फायदा उठाकर युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया।इस दौरान आरोपी महिला और उसके पति ने दुष्कर्म करने वाले युवक के फोन से पीड़िता के अश्लील फोटो और वीडियो बना लिए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपी उसे लगातार ब्लैकमेल करने लगे। डर के कारण उसने परिवार से यह बात छुपाई थी, लेकिन परिवार को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने मोबाइल तोड़ दिया था। पीड़ित महिला की शादी हो चुकी है, जिसके बाद आरोपी युवक ने उसकी सामाजिक छवि खराब करने के लिए उन अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। अब पीड़िता को लगातार आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है।

## कम्पुटेक स्किल्स अकादमी के 8 विद्यार्थियों का अमेजन में चयन

नंदलाल गौड़

**लोसल ( नवयत्न )।** आरपी पंसारी चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रमुख एवं लोसल प्रवासी भामाशाह राजेंद्र प्रसाद पंसारी का अपनी जन्मस्थली लोसल में समाज सेवा और जनहित कार्यों के लिए उनका बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने कोलकाता रहते हुए कभी अपनी जन्मभूमि को अपने से दूर नहीं होने दिया है । इन्होंने युवा वर्ग के लिए भी कम्पुटेक स्किल्स खोलकर रोजगार पाने का युवा वर्ग को रोजगार पाने के लिए राह दिखाया है। अब इसका परिणाम सामने आने लगा है। कम्पुटेक स्किल्स अकादमी लोसल के नाम से संचालित, अकादमी के 8 विद्यार्थियों का प्रतिष्ठित ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन में चयन हुआ है। दो विद्यार्थियों ने कंपनी में कार्यभार ग्रहण कर लिया है, जबकि 6 विद्यार्थियों को चयन एवं ऑफर लेटर प्राप्त हो चुके हैं। आर. पी. पंसारी जन सेवा ट्रस्ट के अनुसार विद्यार्थियों की यह सफलता उनके परिश्रम, लगन एवं संस्थान द्वारा प्रदान किए गए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का ही परिणाम है। चयनित विद्यार्थियों में रजत अग्रवाल, दिव्यांशु शर्मा, पंकज, अशोक, रोहिताश, सृष्टि, दिव्या एवं मानश्वी शामिल है इन चयनित विद्यार्थियों ने स्किल एकेडमी में मात्र तीन महीनें का कौशल प्रशिक्षण लेकर देश की प्रतिष्ठ कंपनियों में से एक ऐमजॉन जैसी कंपनी में चयनित होकर अकादेमी में सी आर एम के साथ बेरोजगार से रोजगार का मार्ग चुना इस अवसर पर संस्थान परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना प्रेषित की । संस्थान द्वारा युवाओं को रोजगार, कौशल आधारित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

# युवा आपदा मित्र योजना के तहत 12 हजार 650 स्वयंसेवकों को मिलेगा प्रशिक्षण

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आपदाओं के समय त्वरित राहत, बचाव और जनसहायता को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एनडीएमए की महत्वाकांक्षी युवा आपदा मित्र योजना के तहत राजस्थान में बड़े स्तर पर प्रशिक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के 13 आपदा प्रभावित जिलों के 12 हजार 650 युवा स्वयंसेवकों को आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्यों का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में राजस्थान के महानिदेशक पुलिस डीजीपी राजीव कुमार शर्मा 15 जून सोमवार को जयपुर स्थित एनसीसी कॉम्प्लेक्स जेएलएन मार्ग गांधी नगर का दौरा कर प्रशिक्षण शिविर का अवलोकन करेंगे तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं का मार्गदर्शन और उत्साहवर्धन करेंगे। इस योजना के तहत जयपुर, अजमेर, अलवर, जोधपुर, बाड़मेर, भरतपुर, जालौर, झालावाड़, कोटा, बीकानेर, नागौर, सिरोही और पाली सहित 13 जिलों में एनसीसीए एनएसएसए नेहरू युवा केंद्र संगठन तथा भारत स्काउट एवं गाइड से जुड़े स्वयंसेवकों को सात दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का संचालन राजस्थान राज्य आपदा प्रतिसाद बल एसडीआरएफ एवं आपदा मित्र मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। जयपुर में यह प्रशिक्षण शिविर 18 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ऐसे प्रशिक्षित सामुदायिक स्वयंसेवकों का नेटवर्क तैयार करना हैए जो किसी भी प्राकृतिक अथवा मानवजनित आपदा की स्थिति में प्रशासन और राहत एजेंसियों के साथ मिलकर सबसे पहले प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच सकें तथा राहत एवं बचाव कार्यों में प्रभावी सहयोग प्रदान कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को खोज एवं बचाव सर्च एंड रेस्क्यू, प्राथमिक उपचार, आपदा जोखिम न्यूनीकरण, सामुदायिक समन्वय, रोप रेस्क्यू और आपातकालीन प्रतिक्रिया जैसी महत्वपूर्ण तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार डीजीपी राजीव कुमार शर्मा सुबह 10 बजे एनसीसी कैंपस पहुंचेंगे। स्वागत कार्यक्रम के बाद राजस्थान सशस्त्र बल एवं एसडीआरएफ के अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस रुपिंदर सिंह स्वागत उद्बोधन देंगे। इसके पश्चात प्रशिक्षुओं द्वारा रोप रेस्क्यू डेमो एवं अन्य आपदा प्रबंधन संबंधी प्रदर्शनों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एनसीसी के उप महानिदेशक द्वारा आपदाओं में एनसीसी की भूमिका पर प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं डीजीपी राजीव कुमार शर्मा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए आपदा प्रबंधन में युवाओं की भूमिका, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व के महत्व पर अपने विचार साझा करेंगे। राजस्थान पुलिस और एसडीआरएफ का मानना है कि प्रशिक्षित युवाओं की यह बड़ी टीम भविष्य में राज्य के लिए एक सशक्त आपदा प्रतिक्रिया तंत्र साबित होगी। आपदा की स्थिति में स्थानीय स्तर पर उपलब्ध प्रशिक्षित स्वयंसेवक राहत एवं बचाव कार्यों को गति देने के साथ-साथ जनहानि और नुकसान को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। अधिकारियों के अनुसार डीजीपी का यह दौरा राज्य में आपदा प्रबंधन को जनभागीदारी आधारित मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।